# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शुक्रवार 16 जनवरी 2026






**SHOWROOMS: CHHATTISGARH:** RENAULT **RAIPUR** Ph: 7290017983. RENAULT **AMBIKAPUR** Ph: 8448989107. RENAULT **BILASPUR** Ph: 8448989103. RENAULT **BHILAI** Ph: 7290017807. RENAULT **JAGDALPUR** Ph: 7428297117. RENAULT **KORBA** Ph: 9319184879. RENAULT **RAJNANDGAON** Ph: 7428438931.



ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए जवानों का भी हुआ सम्मान

## जयपुर में 78वां सेना परेड दिवस का आयोजन

# टैंक, रोबोटिक डॉग्स और जगुआर फाइटर जेट ने दिखाया दमखम

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** जयपुर, राजस्थान में 78वें सेना दिवस परेड का आयोजन किया गया। इस परेड में भव्य और आधुनिक झांकियां निकाली गई, इसके साथ ही ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए जवानों को भी सम्मानित किया गया। आर्मी-डे परेड गुरुवार को जयपुर में आयोजित कि गई, जहां जगतपुरा के महल रोड पर हजारों लोग कार्यक्रम के साक्षी बने। इस परेड में जवानों ने अपने अनुशासन, शक्ति और आधुनिक सैन्य क्षमताओं का प्रदर्शन किया। परेड की शुरुआत ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए जवानों को सेना मेडल (वीरता) से सम्मानित करने के साथ हुई थी।



### हेलिकॉप्टर अपाचे ने दिखाए करतब

आर्मी-डे परेड के दौरान जयपुर की सड़कों पर ब्रह्मोस मिसाइल, पिनाका लॉन्चर, भीष्म, अर्जुन टैंक, धनुष तोप, रोबोटिक डॉग्स का प्रदर्शन किया गया। अटैक हेलिकॉप्टर अपाचे ने आसमान में दुश्मनों के होश उड़ाने वाले करतब दिखाए। इसके अलावा, पाकिस्तान सीमा के पास नाल (बीकानेर) एयरबेस से उड़ान भरकर आए जगुआर फाइटर जेट की खासियतों के बारे में भी लोगों को जानकारी दी गई।

### आतंक के खात्मे तक जारी रहेंगे प्रयास : राजनाथ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 78वें सेनादिवस के अवसर पर जयपुर से दुश्मन को दो टूक अंदाज में संदेश देते हुए कहा कि भारत के शांति प्रयास तब तक चलते रहेंगे। जब तक आतंकी विचारधारा पूरी तरह से खत्म नहीं हो जाती है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का भी उल्लेख किया और कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच किया गया भारत का यह सैन्य अभियान भारत की एक संतुलित सैन्य प्रतिक्रिया थी।

## खबर संक्षेप

### एक्स पर नहीं बनेंगे अश्लील डीपफेक





**नई दिल्ली।** एलन मस्क के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' ने अपने एआई चैटबॉट ग्रोक पर लगाम लगाने का फैसला कर लिया है। 'एक्स' ने अपने एआई चैटबॉट ग्रोक को अवैध रूप से आपत्तिजनक कपड़ों में लोगों की तस्वीरें बनाने से रोकने के लिए टेक्निकल उपाय लागू किए हैं। यह कदम एआई चैटबॉट द्वारा बनाई गई अश्लील डीपफेक तस्वीरों को लेकर भारी विरोध का सामना करने के बाद उठाया गया है। एक्स ने अपने आधिकारिक सेफ्टी अकाउंट पर जानकारी दी कि यह बैन पेड ग्राहकों सहित सभी यूजर्स पर लागू होता है।

### नंदा देवी वन में लगी आग पर काबू पाने हेलिकॉप्टर तैनात



**चमोली।** उत्तराखंड के चमोली जिले में नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान के गोविंदघाट रेंज में अलकनंदा और लक्ष्मण गंगा नदियों के बीच स्थित पथरीले इलाके में जंगल में आग लगने के बाद जिला प्रशासन को पूरी तरह से अलर्ट कर दिया गया है। नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान के गोविंदघाट रेंज में अलकनंदा और लक्ष्मण गंगा नदियों के बीच चट्टानी क्षेत्र में लगी जंगल की आग को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। क्षेत्र की दुर्गमता को देखते हुए, हेलीकॉप्टर का उपयोग करके हवाई टोही और अग्निशमन के लिए एक योजना तैयार की गई है।

### 3 और लोगों में संक्रमण का खतरा, अब तक 5 संक्रमित





**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में इन दिनों निपाह वायरस का असर देखा जा रहा है। अब तीन अन्य लोगों को निपाह से संक्रमित पाया गया है। इसके साथ अब पश्चिम बंगाल में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 5 हो गई है।पहले जिन दो स्वास्थ्य कर्मियों को संक्रमित पाया गया था, उनका अब भी आईसीयू में इलाज चल रहा है। दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने इन मरीजों के संपर्क में आए करीब 120 लोगों को ट्रैक किया है। इस संक्रामक बीमारी ने डॉक्टर्स को अलर्ट कर दिया है। निपाह के संक्रमण की दर और मृत्यु का खतरा दोनों ही अधिक रहता है। 40-70 फीसदी मरीजों की मौत हो जाती है। इ स पर स्थानीय लोगों को सावधानी बरतते रहने की सलाह दी गई है।

## तीन एक्जिट पोल में फडनवीस-शिंदे की जोड़ी ने मारी बाजी

# बीएमसी में भाजपा-शिंदे सेना को बहुमत, ठाकरे ब्रदर्स को मिला झटका

## महाराष्ट्र के 29 नगर निगमों में हुआ मतदान, आज आएंगे नतीजे

**एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली**

देश की सबसे अमीर नगरपालिका-बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) समेत महाराष्ट्र की 29 नगर निगमों के लिए मतदान की प्रक्रिया गुरुवार शाम तक शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। मतदान खत्म होने के बाद आए एक्जिट पोल में बीजेपी और एकनाथ शिंदे की शिवसेना को बढ़त मिलती दिख रही है। तीन अलग-अलग एग्जिट पोल्स के मुताबिक, सत्ता की दौड़ में यह गठबंधन आगे है। इन पोल्स में यह भी निकलकर आया है कि उद्धव और राज ठाकरे की एकजुट शिवसेना (यूबीटी) और मनसे को मराठा और मुस्लिम वोटों का फायदा मिल सकता है। वहीं, उत्तर भारतीय और दक्षिण भारतीय मतदाताओं ने बड़ी संख्या में बीजेपी का समर्थन किया है। युवा मतदाता और महिलाएं भी इस बार बीजेपी के पक्ष में हैं।



### किसको मिल रहीं कितनी सीटें

*जेवीसी (जेवीसी) एग्जिट पोल के अनुसार, बीजेपी को 138 सीटें मिल सकती हैं जबकि उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) और राज ठाकरे की मनसे को मिलाकर 59 सीटें मिलने का अनुमान है। इस सर्वे में कांग्रेस को 23 सीटें मिलने की संभावना जताई गई है। एक्सिस माई इंडिया (एक्सिस माई इंडिया) का अनुमान है कि बीजेपी और शिंदे की शिवसेना को मिलाकर 131 से 151 सीटें मिल सकती हैं। वहीं, शिवसेना (यूबीटी) गठबंधन को 58 से 68 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। सकल (सकल) एग्जिट पोल के मुताबिक, बीजेपी और शिवसेना को 119 सीटें, जबकि शिवसेना (यूबीटी) को 75 सीटें मिल सकती हैं। इस पोल में कांग्रेस को 20 से ज्यादा सीटें मिलने की संभावना नहीं जताई गई है।*

### 46 से 50 प्रतिशत हुआ मतदान

देश में सबसे अमीर नगर निकाय बृहन्मुंबई महानगरपालिका सहित महाराष्ट्र की 29 महानगरपालिकाओं के लिए गुरुवार शाम 5:30 बजे मतदान संपन्न हो गया। राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त दिनेश वाघमारे के मुताबिक अब तक 46 से 50 प्रतिशत तक मतदान हुआ है। वाघमारे ने बताया कि मतदान प्रतिशत 2017 के महानगरपालिका चुनावों के आंकड़ों से अधिक है। उन्होंने कहा कि वह मतदान प्रतिशत से संतुष्ट हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार, राज्य की 29 महानगरपालिकाओं में अपराह्न 3.30 बजे तक 41.13 प्रतिशत मतदान हुआ था। आंकड़ों के मुताबिक अपराह्न 3:30 बजे तक सबसे अधिक 50.85 प्रतिशत मतदान कोल्हापुर में हुआ। वहीं, शुरुआती आठ घंटे में मुंबई के एक करोड़ से अधिक पात्र मतदाताओं वाले बीएमसी के लिए 41.08 प्रतिशत, पुणे में 36.95 प्रतिशत, नागपुर में 41.23 प्रतिशत, छत्रपति संभाजीनगर में 43.67 प्रतिशत और नासिक में 39.64 प्रतिशत मतदान हुआ था।

## उद्धव-राज ने लगाया भारी गड़बड़ी का आरोप

कई अनियमितताओं के आरोपों के कारण राज्य का महानगरपालिका चुनाव विवादों में आ गया। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र नगर निकाय चुनाव में अनियमितता का आरोप लगाते हुए इसे लोकतंत्र की ''हत्या'' का प्रयास करार दिया। पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने नगर निकाय चुनावों में कथित अनियमितताओं के आरोप में राज्य चुनाव आयुक्त को निलंबित करने की भी मांग की। ठाकरे ने राज्य चुनाव आयोग को संविधान विरोधी संस्था करार दिया। उन्होंने चुनाव आयोग और सरकार के बीच मिलीभगत का आरोप लगाया और राज्य चुनाव आयुक्त दिनेश वाघमारे को निलंबित करने की मांग की। उद्धव ठाकरे ने कहा, कई जगहें हैं जहां से शिकायतें आ रही हैं। कुछ लोगों के नाम वोटर लिस्ट से गायब हैं। पहली बार हम देख रहे हैं कि लगाई गई स्याही को अब साफ किया जा सकता है।ठाकरे ने कहा कि ये लोग यह सब गड़बड़ कर रहे हैं, और इसीलिए मैंने कहा, चुनाव आयोग या कमिश्नर क्या करते हैं? पुरानी ईवीएम मशीनें लगाई गई हैं। इन लोगों में सत्ता पाने का इतना लालच है। मैंने ऐसी बेशर्म सरकार कभी नहीं देखी। अब हम विरोध करेंगे, सभी लोग विरोध करेंगे उद्धव ठाकरे ने कहा कि इसीलिए वे वन नेशन वन इलेक्शन चाहते हैं, ताकि वे पूरे देश में एक ही समय में धोखाधड़ी और गड़बड़ी कर सकें, और पूरे देश पर कब्जा कर सकें... तो, यह सब लोकतंत्र की सरेआम हत्या है।

### 'पक्की' स्याही मिटाने का वीडियो हुआ वायरल, एसईसी करेगी जांच

महाराष्ट्र राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) ने बृहस्पतिवार शाम कहा कि वह बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) चुनावों में मतदान के दौरान मार्कर कलम में इस्तेमाल की गई 'पक्की' स्याही की गुणवत्ता की गहन जांच करेगा। विपक्षी दलों के नेताओं ने आरोप लगाया है कि मतदाता की उंगली पर लगा निशान आसानी से मिटाया जा सकता है, जिससे फर्जी मतदान की संभावना है। वोट डालने के बाद उंगली पर लगी स्याही के आसानी से मिट जाने के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गए हैं।

### फिर सुर्खियों में अहमदाबाद प्लेन क्रैश

# ये कैसी जांच ? दिवंगत कैप्टन के भांजे को भेज दिया समन



**एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली**

अहमदाबाद एयर इंडिया प्लेन क्रैश का मुद्दा एक बार फिर से सुर्खियों में है। एयरलाइन की फ्लाइट ए171 के साथ ही दुर्घटना की जांच में उस समय नया विवाद खड़ा हो गया है, जब फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स ने एयरक्राफ्ट एक्सिडेंट इन्वेस्टीगेशन ब्यूरो (एएआईबी) द्वारा हादसे का शिकार हुए दिवंगत कैप्टन सुमीत सभरवाल के भतीजे कैप्टन वरुण आनंद को तलब किया। फेडरेशन ने इस कदम पर औपचारिक रूप से अपनी आपत्ति दर्ज कराई है और इसे अनुचित बताया है।

**पायलट संघ ने जताई नाराजगी :** फेडरेशन ने कहा है कि समन में पेशी का वैधानिक आधार, उद्देश्य, जांच से संबंध या कैप्टन आनंद को किस हैसियत से बुलाया जा रहा है? इसका कोई उल्लेख नहीं किया गया है। एएआईबी के अधिकारियों को भेजे गए अपने पत्र में पायलट संघ की ओर से कहा गया है कि कैप्टन वरुण आनंद को समन भेजना, खासकर तब जब उनका इस घटना से कोई संबंध नहीं है और बिना पर्याप्त सूचना दिए गलत है। यह एक दुखद घटना के बाद उत्पीड़न और मानसिक पीड़ा पहुंचाने के समान ही है और इससे हमारे कैप्टन की छवि को नुकसान हो सकता है।

### दिवंगत पायलट के भतीजे को समन

क्रैश मामले में जांच कर रही एआईआईबी ने तलब किया है। एयर इंडिया में पायलट और फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स (एफआईपी) के मेंबर कैप्टन आनंद को सूचित किया कि उन्हें विमान दुर्घटना की जांच के लिए 15 जनवरी को इन्वेस्टीगेशन ब्यूरो के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। इसके बाद पायलटों के संगठन ने एएआईबी को कानूनी नोटिस जारी कर इसे पूरी तरह से अनुचित बताया है।

### बीते साल हुआ था दिल दहला देने वाला हादसा

गौरतलब है कि बीते साल 12 जून 2025 को अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद विमान संख्या एआई 171 मेघानी नगर में एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गई थी, जिसमें 241 यात्रियों सहित 265 लोगों की मौत हो गई थी। विमान में सवार भारतीय मूल के एक ब्रिटिश नागरिक रमेश विश्वास कुमार एकमात्र ऐसे यात्री थे, जो हादसे में जिंदा बच निकले थे।

# झूठ बोलने पर संसद में विपक्ष के नेता प्रीतम की गई कुर्सी

### सिंगापुर की घटना

**एजेंसी ▶▶| सिंगापुर**

सिंगापुर की संसद में विपक्ष के नेता प्रीतम सिंह को उनके पद से हटा दिया गया है। प्रीतम सिंह पर यह कार्रवाई झूठ बोलने के आरोप में दोषी पाए जाने की वजह से हुई है। प्रीतम सिंह लगातार अपने बेगुनाह होने का दावा करते रहे हैं।



विपक्ष के नेता की नियुक्ति सिंगापुर में सरकार के प्रमुख के द्वारा की जाती है। इस मामले में बुधवार को सिंगापुर की संसद में वोटिंग हुई, सभी 11 सांसदों ने इसके खिलाफ मतदान किया। संसद में बहस के दौरान सदन की नेता इंद्राणी राजा ने कहा था कि प्रीतम सिंह ने झूठ बोलने की वजह से सिंगापुर के लोगों के भरोसे पर चोट की है।

### यह है मामला

यह मामला साल 2021 का है, जब वेस्टर्न कॉन्फ्रेंस की सांसद रायसा खान ने संसद में इस बात का दावा किया कि उन्होंने यौन उत्पीड़न की शिकार महिला के साथ गलत व्यवहार करते हुए पुलिस को देखा था। बाद में रायसा ने कहा कि उन्होंने जो घटना बताई थी, वह सच नहीं थी लेकिन उन्होंने एक संसदीय समिति के सामने जांच के दौरान कहा कि पार्टी के कई नेताओं जिसमें प्रीतम सिंह भी शामिल थे, उन्होंने उनसे कहा था कि उन्होंने जो घटना बताई थी, उन्हें उस पर कायम रहना चाहिए जबकि वे इस बात को जानते थे कि यह झूठ है। रायसा ने उसके बाद पार्टी और संसद से इस्तीफा दे दिया था और उन पर झूठ बोलने और अपने संसदीय विशेषाधिकारों का गलत इस्तेमाल करने के लिए जुर्माना लगाया गया था।

### मणिकर्णिका घाट का पुनर्विकास

# खड़गे ने पीएम पर लगाए प्राचीन धरोहरें नष्ट करने का आरोप

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को वाराणसी के मणिकर्णिका घाट के पुनर्विकास को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि वे सिर्फ अपना नाम अंकित करने के लिए हर ऐतिहासिक धरोहर को मिटाना चाहते हैं। खड़गे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि गुप्त काल में वर्णित और बाद में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर द्वारा पुनर्स्थापित मणिकर्णिका घाट की दुर्लभ प्राचीन विरासत को जीर्णोद्धार के बहाने ध्वस्त करने का अपराध किया है। सौंदर्यीकरण और व्यवसायीकरण के नाम पर प्रधानमंत्री ने मणिकर्णिका घाट पर सदियों पुरानी धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को ध्वस्त करने के लिए बुलडोजर चलाने का आदेश दिया है। वे अपनी नामपट्टिका चिपकाना चाहते हैं। जलियांवाला बाग स्मारक में स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों को दीवारों से मिटा दिया।



### बंगाल के बाद झारखंड में भी विवाद

# ईडी पर लगा मारपीट का आरोप एजेंसी के दफ्तर पहुंची रांची पुलिस

**एजेंसी ▶▶| रांची**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों के साथ कथित मारपीट की शिकायत की जांच के सिलसिले में गुरुवार सुबह रांची पुलिस की एक टीम यहां स्थित ईडी के जोनल कार्यालय पहुंची। सूत्रों के मुताबिक, यह कार्रवाई दर्ज शिकायत के आधार पर की जा रही है। जानकारी के अनुसार, राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के एक पूर्व कर्मचारी ने 12 जनवरी को रांची के एयरपोर्ट थाना में आवेदन दिया था। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि कथित जलापूर्ति घोटाले से जुड़े एक मामले में पूछताछ के दौरान ईडी अधिकारियों ने उसके साथ मारपीट की।

**पश्चिम बंगाल प्रकरण के बाद बढ़ी संवेदनशीलता :** यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है, जब हाल ही में पश्चिम बंगाल पुलिस और ईडी अधिकारियों के बीच टकराव की स्थिति बनी थी। उस दौरान ईडी ने राजनीतिक परामर्श फर्म आई-पैक के कार्यालय और उसके प्रमुख प्रतीक जैन के आवास पर छापामारी की थी, जिसमें जबरन प्रवेश और दस्तावेज चोरी के आरोप लगे थे। इस बीच झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने पुलिस की इस कार्रवाई पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस कार्रवाई की आड़ में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े भ्रष्टाचार मामलों के अहम साक्ष्यों से छेड़छाड़ या उन्हें नष्ट करने का प्रयास हो सकता है।





**खास बातें**

- राजनीतिक आरोपों के बीच बढ़ी हलचल
- पूर्व कर्मचारी ने दर्ज कराई मारपीट की शिकायत

### डीएसपी स्तर के अधिकारी कर रहे हैं जांच

सूत्रों ने बताया कि जांच के लिए पहुंची पुलिस टीम में डीएसपी रैंक के अधिकारी के साथ एयरपोर्ट थाना प्रभारी भी शामिल हैं। पुलिस टीम ईडी कार्यालय में मौजूद तथ्यों की जांच कर रही है। हालांकि, इस पूरे मामले पर रांची पुलिस की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। रांची पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मारपीट के आरोपों के मद्देनजर ईडी कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जा रही है, ताकि घटना से जुड़े तथ्यों की पुष्टि की जा सके।

## 25 साल के इतिहास में नासा का पहला मेडिकल इवैक्यूएशन

# चार एस्ट्रोनॉट्स मिशन छोड़ आईएसएस से पृथ्वी पर लौटे

**एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन**

नासा ने 25 साल के इतिहास में पहली बार इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से अंतरिक्ष यात्रियों का इमरजेंसी इवैक्यूएशन कराया है। इस इवैक्यूएशन के तहत चार अंतरिक्ष यात्रियों को गुरुवार को प्रशांत महासागर में उतारा गया। अंतरिक्ष यात्रियों को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से पृथ्वी तक लाने के लिए स्पेसएक्स ड्रैगन कैप्सूल एंडेवर का इस्तेमाल किया गया। इस यात्रा में उन्हें 11 घंटे का समय लगा। स्पेसएक्स ड्रैगन कैप्सूल एंडेवर भारतीय समयानुसार 2.11 बजे सैन डिएगो के तट पर उतरा।

**किन अंतरिक्ष यात्रियों को निकाला गया :** नासा ने इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से कुल चार अंतरिक्ष यात्रियों का इवैक्यूएशन किया है। इनमें जेना कार्डमैन, माइक फिंके, किमिया यूई और ओलेग प्लातोनोव शामिल हैं। अगस्त 2025 में अंतरिक्ष में गए कार्डमैन, फिंके, जापान के किमिया यूई और रूस के ओलेग प्लातोनोव को फरवरी 2026 के अंत तक अंतरिक्ष स्टेशन पर रहना था। लेकिन, 7 जनवरी 2026 को नासा ने कार्डमैन और फिंके की अगले दिन होने वाली स्पेसवॉक अचानक रद्द कर दी और बाद में टीम की जल्द वापसी की घोषणा की।



### पृथ्वी पर भेजे जाने का पहला मामला

दरअसल, अगस्त 2025 में इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंचे चार अंतरिक्ष यात्रियों में से एक की तबीयत खराब हो गई थी। यह मेडिकल इमरजेंसी पड़ने पर किसी अंतरिक्ष यात्री को नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) द्वारा पृथ्वी पर भेजे जाने का पहला मामला है। अधिकारियों ने उस अंतरिक्ष यात्री की पहचान बताने से इनकार कर दिया जिसे चिकित्सकीय देखभाल की जरूरत है और ना ही यह बताया गया कि उसे क्या दिक्कत हुई है।

### यह कहा इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के कमांडर ने

इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के निवर्तमान कमांडर माइक फिंके ने इस सप्ताह की शुरुआत में सोशल मीडिया पर कहा था कि बीमार अंतरिक्ष यात्री की हालत स्थिर है और उसकी देखभाल की जा रही है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने का फैसला सोच-समझकर लिया गया ताकि पृथ्वी पर सही चिकित्सकीय आकलन हो सके। नासा की अंतरिक्ष यात्री जेना कार्डमैन ने पृथ्वी पर वापसी की यात्रा से पहले कहा, "हमारे प्रस्थान का समय अप्रत्याशित है लेकिन मेरे लिए जो बात आश्चर्यजनक नहीं थी, वह यह थी कि इस दल ने एक परिवार की तरह एक-दूसरे की मदद की और एक-दूसरे का ख्याल रखा।"

### दो हफ्ते का दिया वक्त

# रूस ने ब्रिटिश डिप्लोमैट को सुनाया देश छोड़ने का फरमान

**एजेंसी ▶▶| मास्को**

रुस ने गुरुवार को एक ब्रिटिश डिप्लोमैट को जासूसी के आरोप में देश छोड़ने का फरमान सुना दिया। रूस की फेडरल सिक्योरिटी सर्विस (एफएसबी) ने आरोप लगाया कि ब्रिटिश दूतावास का इस सदस्य ने ब्रिटिश इंटेलिजेंस के लिए काम किया है। न्यूज एजेंसी एपी की रिपोर्ट के अनुसार, रूसी विदेश मिनिस्ट्री ने अपने बयान में कहा कि ब्रिटिश डिप्लोमैट की मान्यता रद्द कर दी गई है और उन्हें दो सप्ताह के अंदर देश छोड़ने के लिए कहा गया है। रिपोर्ट में बताया गया कि रूस में ब्रिटेन की चार्ज डी'अफेयर्स, डेने ढोलकिया को नोटिस लेने के लिए मंत्रालय के मॉस्को हेडक्वार्टर में बुलाया था। रूसी विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि रूस में बिना बताए काम कर रहे ब्रिटिश इंटेलिजेंस अधिकारियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### ब्रिटेन ने अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी

रूसी विदेश मंत्रालय ने यह भी कहा कि इस मसले पर ब्रिटेन द्वारा की गई किसी भी कार्रवाई का जवाब उसी तरह दिया जाएगा। हालांकि अभी तक इस मामले पर ब्रिटिश सरकार की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शुक्रवार 16 जनवरी 2026



## युद्ध नशे विरुद्ध 2.0

### दूसरे चरण की शुरुआत



स.भगवंत सिंह मान
मुख्यमंत्री, पंजाब

GOVT. OF PUNJAB

## पिंडां दे पहरेदार

**पंजाब का हर व्यक्ति अब बन सकता है अपने गाँव और समाज का रक्षक**

### पिंडां दे पहरेदार की भूमिका और ज़िम्मेदारियाँ

- जहाँ नशा बेचा या सप्लाई किया जाता है, उसकी सूचना देना
- यदि कोई व्यक्ति नशा छोड़ना चाहता है तो उसे नज़दीकी नशा मुक्ति केंद्र (ओ.ओ.ए.टी केंद्र) लेकर जाना

## फेज 1: 300 दिन में असल नतीजे

| 29,978 एफ.आई.आर | 43,276 गिरफ्तारियाँ | 30,595 किलोग्राम |
|---|---|---|
| एनडीपीएस अधिनियम के तहत दर्ज | राज्यभर में | नशा ज़ब्त |

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

### अब भय नहीं बल्कि विश्वास, शिक्षा और नई उम्मीदों का गढ़ बन रहा माड़

# हिंसा का रास्ता छोड़कर शांति के लिए पसीना बहा रहे समर्पित नक्सली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अबूझमाड़ पीस हॉफ मैराथन के पांचवें वर्ष में समर्पित नक्सली भी भाग लेने के लिए जमकर पसीना बहा रहे है। इस वर्ष अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन में एक प्रेरणादायी बदलाव देखने को मिलेगा। कभी जंगलों में हथियार लेकर शांति और उन्नति के खिलाफ काम करने वाले नक्सली पुनर्वास के बाद अब शांति, उन्नति और विकास के संदेश के साथ देश-विदेश के धावकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर मैराथन में दौड़ते नजर आएंगे। इस हॉफ मैराथन में भाग लेने के लिए समर्पित नक्सली जमकर अभ्यास करते हुए पसीना बहा रहे है। रोजाना लगभग 5 किमी का दौड़ लगा रहे है। नारायणपुर एसपी रोबिनसन गुरिया ने बताया कि 31 जनवरी को होने वाले अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन में पुनर्वासित नक्सली भी भाग लेंगे जो अब हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा से जुड़कर शांति, पुनर्वास और विकास के लिए पसीना बहा रहे हैं। यह आयोजन न केवल खेल भावना का उत्सव है बल्कि यह सामाजिक पुनर्निर्माण और विश्वास की बहाली का सशक्त प्रतीक भी है।

- अबूझमाड़ पीस हॉफ मैराथन 2026 के संदेश के साथ दिखी अनूठी पहल





#### सामाजिक पुनर्निर्माण व विश्वास

बहाली का बन रहा सशक्त प्रतीक

इस बार होने वाले अबूझमाड़ पीस हॉफ मैराथन में पुनर्वासित नक्सली भी भाग लेंगे। अब वे हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा से जुड़कर शांति, पुनर्वसि और विकास के लिए पसीना बहा रहे हैं। यह आयोजन न केवल खेल भावना का उत्सव है बल्कि यह सामाजिक पुनर्निर्माण और विश्वास की बहाली का सशक्त प्रतीक भी है।

**सुंदरराज पट्टलिंगम,** आईजी, बस्तर

#### रोज कर रहे हैं पीटी, योगा और 5 किमी दौड़ का अभ्यास

मैराथन में भाग लेने वाले 140 से अधिक पुनर्वासित माओवादी कभी हिंसा, हथियार और अशान्ति के पर्याय थे लेकिन अब शांति की दौड़ की तैयारी कर रहे है। अभ्यास के दौरान पुनर्वासित माओवादियों ने 5 किलोमीटर दौड़कर मैराथन का अभ्यास किया। दौड़ के साथ ही पीटी और योगा का भी अभ्यास कर रहे है। सभी प्रतिदिन लाइवलीहुड कॉलेज परिसर से 5 किलोमीटर दौड़कर मैराथन का अभ्यास कर पसीना बहा रहे है। पुनर्वासित नक्सली मैराथन तिथि की घोषणा के साथ ही अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन 2026 में भाग लेने के लिए लगातार पीटी, योग और दौड़ का अभ्यास कर रहे हैं। मैराथन मे भाग लेने पंजीयन कराने वाले पुनर्वासित माओवादियों की संख्या यह दशार्ती है कि परिवर्तन संभव है और संवाद, अवसर तथा सकारात्मक मंच मिलने पर समाज के हर वर्ग में नई शुरूआत की जा सकती है।

# अमित बघेल के ठिकानों पर छापेमारी समर्थन पत्र सहित कई साक्ष्य बरामद

### मोबाइल फोन, एक चारपहिया वाहन एवं उससे संबंधित दस्तावेज जब्त किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

दो साल पहले 10 जून को बलौदाबाजार में हुई हिंसा एवं आगजनी की घटना के मामले में गिरफ्तार जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी प्रमुख अमित बघेल के खिलाफ पुलिस जांच लगातार आगे बढ़ रही है।

गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उनके ठिकानों पर छापेमारी की। पुलिस ने बुधवार देर रात अमित बघेल के ठिकाने से एक पत्र की कॉपी जब्त की है, जिसमें बलौदाबाजार आंदोलन को समर्थन देने की बात लिखी गई थी। इस मामले में पुलिस ने उस टाइपिस्ट को भी चिन्हित किया है, जिसने उक्त पत्र टाइप किया था। पुलिस टाइपिस्ट को गवाह के रूप में न्यायालय में प्रस्तुत करेगी।

गिरफ्तारी के बाद देर रात बलौदाबाजार पुलिस अमित बघेल को लेकर रायपुर पहुंची थी। जहां उनके निवास स्थल कंचनगंगा फेज-2 में छापेमारी की गई। इस दौरान पुलिस ने अमित बघेल का मोबाइल फोन, एक चारपहिया वाहन एवं उससे संबंधित दस्तावेज जब्त किए। इसके पश्चात पुलिस टीम रायपुर स्थित मैग्नेटो मॉल में मौजूद उनके कार्यालय पहुंची, जहां से घटना से जुड़े कई अहम दस्तावेज बरामद किए गए। पुलिस अधिकारियों के अनुसार जब्त मोबाइल फोन और दस्तावेजों की तकनीकी एवं दस्तावेजी जांच की जा रही है।

प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर हिंसा मामले में शामिल अन्य लोगों की पहचान की जा रही है। साक्ष्य एकत्र करने के बाद पुलिस अमित बघेल को वापस बलौदाबाजार लेकर आई। फिलहाल उन्हें पुलिस लाइन के आजाक थाना स्थित कंट्रोल रूम में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रखा गया है। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे भी जांच जारी रहेगी और आवश्यकतानुसार अन्य कार्रवाई की जाएगी।



#### परिवार वालों की आंखें हुई नम

अचानक अमित बघेल को अपने बीच पाकर परिवार के लोग भावुक हो उठे। परिवारजनों ने बघेल से गले मिलकर हालचाल जाना। बघेल ने वहां मौजूद अपने बड़ों का आशीर्वाद भी लिया। इस दौरान सभी की आंखें नम हो गईं।

## नकली पेमेंट एप के जरिए हजारों की ठगी, युवक के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




डिजिटल भुगतान के भरोसे को तोड़ते हुए साइबर ठगी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। नकली पेमेंट ऐप के जरिए शातिर युवक ने दुकानदार को झूठा ट्रांजैक्शन दिखाकर हजारों रुपएं की ठगी कर ली। पीड़िता को तब सच्चाई का पता चला जब खाते की जांच की गई और एक भी रुपएं जमा नहीं मिला। शिकायत के बाद अब पुलिस आरोपी और संदिग्ध वाहन के आधार पर मामले की जांच में जुट गई है। पूरा मामला नरहरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जुनवानी का है। पीड़िता ने थाना कांकेर में शिकायत दर्ज कराया। थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे नरहरपुर थानांतर्गत जुनवानी निवासी भारती साहू पिता कुम्मन लाल साहू ने पुलिस को बताया कि 8 जनवरी 2025 को दोपहर डेढ़ बजें एक अज्ञात व्यक्ति मेरी दुकान पर आया। उसने मुझसे पेटीएम यूपीआई से 6 हजार 60 रूपएं नकद लिया। भुगतान के समय उसने अपने मोबाइल पर एक फेक पेमेंट ऐप का इस्तेमाल करके मुझे झूठा पेमेंट कन्फर्मेशन दिखाया। उस वक्त मुझे लगा कि पेमेंट हो गया है, लेकिन बाद में चेक करने पर पता चला कि बैंक खाते में कोई पैसा नहीं आया है और मेरे साथ धोखाधड़ी हुई है। उस व्यक्ति की पहचान का एक मुख्य सबूत वाहन क्रमांक सीजी 19 बी 7268 है। उस व्यक्ति का उम्र लगभग 20 से 30 वर्ष के बिच का होगा। जिस गाड़ी में आया था वह लगभग 10 से 20 वर्ष पुरानी मोटर सायकल थी। वह अज्ञात व्यक्ति कांकेर रोड से आया था। मेरे दुकान में लेन-देन होने के उपरांत नरहरपुर कि ओर गया।

पीड़िता ने पुलिस से कहा कि ऐसी व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए, जिससे इनके जैसे गद्दारों को सही सबक मिल सके। शिकायत पर पुलिस ने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बी 7268 का चालक एवं अन्य के खिलाफ धारा 66 डी एलसीजी, 3 (5), 318 (4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## शराब पिला कर कुकर्म, पुलिस गिरफ्त में आरोपी

**राजनांदगांव।** डोंगरगढ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 13 जनवरी को शाम लगभग 5 बजे पीड़िता को मुर्गी फार्म हाउस में काम करने वाले कांशी जांगड़े ने पीड़िता को मोटर सायकल से बोदेला के मेले में घूमने के लिए ले गए थे। पीड़िता शराब के नशे में जमीन पर सोई हुई थी। 14 जनवरी को सोकर उठने पर इशारों से घटना के बारे में बताई। तब थाना डोंगरगढ़ द्वारा पीड़िता का कथन-बयान लिया गया। पुलिस ने मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## मड़ई में विवाद पर हत्या मामले में नाबालिग सहित दो आरोपी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

मंडई मेला में विवाद के दौरान धारदार हथियार से युवक की हत्या के मामले में जांच पड़ताल करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार एवं विधि से संघर्षरत बालक को अभिरक्षा में लिया है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार खैरागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 13 जनवरी को प्रार्थी देशबंधु पिता तुकाराम पटेल, निवासी ग्राम पिपलाकछार द्वारा लिखित रिपोर्ट प्रस्तुत की गई कि ग्राम पिपलाकछार के बाजार चौक में मंडई मेला आयोजित था, जिसमें गांव एवं आसपास के गांवों के लोग शामिल हुए थे। शाम लगभग 7 बजे मंडई स्थल पर कुछ लोगों के बीच विवाद हो रहा था। जिसे समझाने के लिए मोरध्वज पिता समयलाल पटेल, उम्र 26 वर्ष मौके पर गया। इसी दौरान हेमचंद उर्फ हर्षू द्वारा मोरध्वज पर प्राणघातक हमला कर दिया गया। घायल अवस्था में मोरध्वज को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैरागढ़ लाया गया जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। उक्त रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**चाकू जब्तः** विधि से संघर्षरत बालक के निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू जब्त किया गया है। आरोपी हेमचंद निषाद को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है, जबकि विधि से संघर्षरत बालक को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

#### पकड़े गए आरोपी

पुलिस के अनुसार मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर 24 घंटे के भीतर 14 जनवरी को आरोपी हेमचंद उर्फ हर्षू पिता हिंसाराम निषाद, निवासी अमलीडीह खुर्द एवं उसके साथी एक विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में लिया गया।

#### बीच बचाव कर रहा था युवक

पूछताछ में ज्ञात हुआ कि जंपिंग झूला में कूदने की बात को लेकर आरोपी, मृतक एवं अन्य युवकों के बीच विवाद हो रहा था। वाद विवाद के दौरान बीच-बचाव करने आए मोरध्वज से विधि से संघर्षरत बालक की कहासुनी हो गई, जिस पर उसने भीड़ का फायदा उठाकर अपने पास रखे चाकू से मोरध्वज के पेट में हत्या की नीयत से प्राणघातक वार कर दिया और भीड़ में शामिल हो गया।


डॉ.वाशानी दर-दाँत (गम पेंट) बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है HMS देखकर खरीदें 94060-21769

हर्बल लेप शिव मस्सानाशक शिव मस्सानाशक को 12-15 घटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें। HMS मस्सा नाशक

हरिभूमि HEALTH CARE छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना। मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल। डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA। भर्ती सुविधा उपलब्ध। Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR। शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

अहलूवालिया हॉस्पिटल 81031 28515, 0771-4050006 • कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे। नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ। सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट। रविवार अवकाश। क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल। 50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल। सभी प्रकार की एलर्जी • जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा। डेंटल सुविधा भी उपलब्ध। छाती रोग • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द। अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर। डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology)। डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट। • पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी, • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)। C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल। डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified) फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)। उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी। लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे। जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001) फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037

अष्टविनायक हॉस्पिटल बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल। » प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन। आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डॉ. मनोज अग्रवाला एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)। स्किन क्लिनिक सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी। चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

OSTWAL HEART CARE Dr. Kunal Ostwal MD, DM (Cardiology) Consultant and Interventional Cardiologist। Facilities : ECG ,2D-Echo,TMT समस्त हृदय रोग, मधुमेह, कोलेस्ट्रोल एवं ब्लड प्रेशर के लिए परामर्श। डी.एम. प्लाजा, बैजनाथपारा, छोटापारा, रायपुर अपॉइंटमेंट के लिये संपर्क करें : 6264289296

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी। डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ। गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029 समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)। स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता। डायबिटिक क्लीनिक Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre Diabetic Clinic। Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304। 17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

निवेद चेस्ट & आई केयर। उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयॉथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्ट्डी और आईसीयू केयर। आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपैथी और मेडिकल रेटिना। डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)। डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology। 24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट। सिंघानिया स्किन केयर 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in। Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर। मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा। SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल। छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ। प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक मो. 9977247553 नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक। सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

NMH निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services। पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध। ओपीडी 50% off। 0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953। पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

पाइल्स क्षारसूत्र विशेषज्ञ। राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर 25 वर्षों का अनुभव 11000 से ऊपर सफल चिकित्सा फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:- 7987119756, 9303508130

आनंद का सच्चा भाव®
18 कैरेट रेट* (75.00%) = ₹106433/-
22 कैरेट रेट* (91.60%) = ₹129990/-
24 कैरेट रेट* (99.99%) = ₹141896/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
*Conditions apply
anand® Jewels
Pandri, Raipur

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com
रायपुर, शुक्रवार 16 जनवरी 2026

इंटरनेशनल स्टेडियम में इस बार तय दर पर ही बिकेगी खान-पान की चीजें

# भारत-न्यूजीलैंड मैच, विद्यार्थियों के लिए टिकट 800 रुपए, प्लेटिनम 12500, फूड तय दरों पर, वेंडर्स की टी शर्ट में चस्पा होगी रेट लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ के नया रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में भारत और न्यूजीलैंड के बीच 23 जनवरी को खेले जाने वाले मैच के लिए टिकटों की बिक्री 15 जनवरी की शाम 7 बजे से शुरू हो गई। टिकटों की बिक्री के लिए बीसीसीआई ने छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) को ऑफिशियल पार्टनर नियुक्त किया है। इसे देखते हुए संघ ने टिकटों की बिक्री के लिए विंडो भी खोल दिए हैं। इसी के साथ टिकटों की बिक्री भी शुरू हो गई। इधर स्टेडियम के अंदर ओवररेट पर फूड सामग्री की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए ▶▶|शेष पेज 5 पर

### 50 हजार टिकट बिक्री की संभावना

*वीरनारायण सिंह स्टेडियम में 50 हजार दर्शकों के बैठने की क्षमता है। इसके बाद भी पिछली बार 48 हजार टिकटों की बिक्री ही विंडो के माध्यम से कराई गई थी, लेकिन इस बार भारत का न्यूजीलैंड के साथ मैच है। इस मैच को लेकर दर्शकों में भारी उत्साह है। संभावना जताई जा रही है कि इस बार 50 हजार टिकटों की बिक्री कराई जा सकती है।*

भारत-न्यूजीलैंड के बीच पहला अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच 23 को, 15 जनवरी की शाम 7 बजे से टिकटों की बिक्री शुरू



### पानी की रहेगी विशेष व्यवस्था

संघ के डायरेक्टर ने बताया कि स्टेडियम में दर्शकों के लिए निःशुल्क पानी की व्यवस्था भी रहती है, लेकिन पिछले मैचों में देखा गया है कि स्टेडियम में फूड की दुकानें लगाने वेंडर ही बंद बोतल पानी बेचने के लिए नलों को बंद कर देते हैं। इस बार इस पर विशेष निगरानी रखी जाएगी, ताकि कोई भी नल बंद नहीं कर पाए। इससे दर्शकों को पानी खरीदना नहीं पड़ेगा।

### टिकटों की तय दरें

- 800 रुपए स्टूडेंट टिकट (अपर-3 स्टैंड) एंट्री गेट-3
- 2000 रुपए (अपर-2, अपर-4स्टैंड) गेट नंबर 2-4
- 2500 रुपए (लोवर 2,4, 7,9स्टैंड) अपर-1, 5, 6, 10 स्टैंड, गेट-2,3,5, 6, 9, 10
- 3000 रुपए (लोअर-5 एवं 6 स्टैंड) गेट-6, 8, 11
- 3500 रुपए (लोअर-10ए) लोअर-10बी स्टैंड, गेट-11
- 7500 रुपए (सिल्वर चौथी मंजिल-बुफे के साथ) गेट नंबर-12
- 10000 रुपए (गोल्ड दूसरी मंजिल बूफे के साथ) गेट-12
- 12500 रुपए (प्लेटिनयम पहली मंजिल बुफे के साथ) गेट-15
- 25000 रुपए (कॉर्पोरेट बाक्स बुफे के साथ) गेट नंबर 12, 15

### इन कीमतों पर बिकेगी फूड सामग्री

*समोसा-50, सैंडविज सिंगल 60, बर्गर 80, पफ 50, पॉपकार्न 60, पॉनकार्न टब 100, पिज्जा 250, स्टीम मोमो वेज 150, स्टीम मोमो चिकन 200, पिज्जा 200, पैकिंग चीजें जैसे आइस्क्रीम, चिप्स, पानी सहित अन्य चीजें प्रिंट मूल्य पर मिलेंगी।*

# ईरान से भारतीयों के लिए ऑपरेशन वतन वापसी आज से, छग के 10 मुंबई में फंसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

ईरान में जारी विरोध प्रदर्शन के बीच तनाव जारी है। एक तरफ ईरान के अंदर तनाव है तो खामनेई सरकार को बाहर से अमेरिका की संभावित सैन्य कार्रवाई का भी डर सता रहा है। ईरान ने गुरुवार को बिना किसी स्पष्टीकरण के अपने हवाई क्षेत्र को 5 घंटों तक बंद रखा, वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उन्हें आश्वासन दिया गया है कि ईरानी प्रदर्शनकारियों की हत्याएं रोक दी गई हैं। इस बीच, ईरान में फंसे भारतीयों को लाने के लिए केंद्र सरकार वतन वापसी चलाएगी। तेहरान से कल 16 जनवरी को भारत के लिए पहली फ्लाइट उड़ान भर सकती है। तेहरान समेत अन्य इलाकों में जारी ▶▶|शेष पेज 5 पर

### छात्रों ने बताई पैसे खत्म होने की पीड़ा

दरअसल, उक्त परामर्श के बाद ईरान में मेडिकल की पढ़ाई कर रहे 100 के करीब छात्रों ने अपने अभिभावकों से पैसे खत्म होने की शिकायत की थी। जिसके बाद अभिभावकों ने भारतीय दूतावास और केंद्र सरकार से छात्रों से देश वापसी में मदद करने की मांग की है। दूसरी ओर सरकार ने अभी तक इस बाबत आधिकारिक रूप से कोई घोषणा या किसी अभियान के बारे में नाम सहित जानकारी नहीं दी है। लेकिन हो सकता है कि जल्द ही इस संबंध में कोई जानकारी सामने आए।

भारतीय छात्रों की आज ईरान से हो सकती है भारत रवानगी



### जयशंकर ने अब्दुल्ला को दिया आश्वासन

वहीं, इस मामले पर विपक्ष की तरफ से भी सत्ता पक्ष से भारतीयों की सुरक्षित वापसी की मांग की जा रही है। जिसमें गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने विदेश मंत्री डॉ .एस. जयशंकर से बात कर प्रदेश के छात्रों की सुरक्षित वापसी की मांग की है। जिसे लेकर जयशंकर ने उन्हें यह आश्वासन दिया है कि केंद्र सरकार मामले में ईरान में फंसे हुए अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठा रही है।

### न्यूयार्क जा रहे छग के यात्री मुंबई में फंसे, 2 घंटे उड़ान के बाद तड़के 4 बजे वापस उतारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ईरान द्वारा अपना एयरस्पेस बंद किए जाने का असर छत्तीसगढ़ के हवाईयात्रियों पर भी पड़ा है। मुंबई से न्यूयार्क जाने वाली फ्लाइट तेहरान होकर गुजरती है। छग के 8-10 यात्रियों ने मुंबई पहुंचने के बाद बुधवार मध्यरात्रि पश्चात गुरुवार रात्रि 2 बजे उड़ान भरी। उड़ान भरने के एक घंटे बाद पायलट को ईरान द्वारा अपना एयरस्पेस बंद करने की सूचना प्राप्त हुई। पायलट ▶▶|शेष पेज 5 पर

**इधर, एयरलाइंस ने कहा- रूट बदलना संभव नहीं**

*एयर इंडिया और इंडिगो ने पैसेंजर्स के लिए एडवाइजरी जारी की है। एयर इंडिया ने कहा, ईरान में बन रहे हालात के कारण एयर स्पेस बंद कर दिया गया है। हमारे लिए यात्रियों की सुरक्षा पहली प्राथमिकता है। एयर इंडिया की* ▶▶|शेष पेज 5 पर

# ममता को बड़ा झटका, ईडी अफसरों के खिलाफ एफआईआर पर रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में पिछले दिनों आई-पैक के दफ्तर हुई ईडी रेड का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुका है। ईडी ने बंगाल पुलिस अधिकारियों पर ममता सरकार की मदद करने का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है और कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने ईडी अफसरों पर दर्ज एफआईआर पर अगली सुनवाई तक रोक लगाते हुए नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने सरकार से दो हफ्ते में जवाब मांगा है साथ ही कोर्ट ने यह भी कहा कि एजेंसी की जांच में दखल नहीं दिया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल पुलिस को छापेमारी की कार्रवाई की सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति ▶▶|शेष पेज 5 पर

### सिब्बल ने किया याचिका का विरोध

वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने मेहता की याचिका का विरोध करते हुए कहा कि पहले इस मामले की सुनवाई कलकत्ता उच्च न्यायालय में होनी चाहिए तथा उचित न्यायिक पदानुक्रम का पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि ईडी समानांतर कार्यवाही कर रही है। सिब्बल ने छापे की वीडियो रिकॉर्डिंग का भी हवाला दिया।

*ईडी की याचिका पर ममता, पश्चिम बंगाल सरकार को नोटिस भेजा*



### ईडी ने क्या आरोप लगाया है?

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने ईडी की ओर से पैरवी करते हुए अदालत में दावा किया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य पुलिस के साथ मिलकर जांच के दौरान साक्ष्यों की 'चोरी' की है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि ममता ने ईडी के एक अधिकारी का फोन भी ले लिया था। ईडी का आरोप है कि छापेमारी के दौरान मुख्यमंत्री खुद मौके पर पहुंचीं।

**क्या है मामला** ईडी ने 8 जनवरी को राजनीतिक परामर्श देने वाली कंपनी आई-पैक से जुड़े स्थानों पर छापेमारी की। कोयला तस्करी मामले से जुड़ी जांच के सिलसिले में साल्टलेक स्थित आई-पैक के कार्यालय और कोलकाता में उसके प्रमुख प्रतीक जैन के आवास पर ईडी के छापों के दौरान जांच एजेंसी के अधिकारियों को बाधाओं का सामना करना पड़ा था। जांच एजेंसी ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी परिसर में दाखिल हुईं और जांच से संबंधित 'महत्वपूर्ण' साक्ष्य अपने साथ ले गईं।

## हरिभूमि-आईएनएच का जिला संवाद-2026 आज



*प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी राज्य सरकार के दो वर्ष व कोरबा के विकास पर करेंगे जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद*



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर जिले के विकास में कारगर हो रही योजनाओं, विकास कार्यों और समस्याओं पर विस्तार से चर्चा एवं मंथन के उद्देश्य से हरिभूमि और आईएनएच द्वारा जिला संवाद 2026 कार्यक्रम का आयोजन 16 जनवरी को किया गया है। इस कार्यक्रम में जिले के चारों विधानसभा से निर्वाचित जनप्रतिनिधि के अलावा राज्य में सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी के मंत्री व विपक्षी दल कांग्रेस के पूर्व मंत्री, जिला पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। इस दौरान हरिभूमि व आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी जिले के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले विकास कार्यों और अन्य समस्याओं पर संवाद करेंगे।

हरिभूमि व आईएनएच द्वारा आयोजित जिला संवाद 2026 कोरबा का आयोजन 16 जनवरी शुक्रवार को शाम 4 बजे बाईपास रोड राताखार स्थित जश्न रिसॉर्ट में किया जाएगा। कार्यक्रम में उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, पाली तानाखार विधायक ▶▶|शेष पेज 5 पर

आत्मसमर्पण करने वालों में 21 महिला और 31 पुरुष

## 52 नक्सलियों का सरेंडर, करीब 1.41 करोड़ रुपए का था इनाम




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

खास खबर

बीजापुर जिले में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में सुरक्षाबल के जवानों को बड़ी सफलता मिली है। नक्सलवाद का रास्ता छोड़कर 52 माओवादियों ने गुरुवार को सरेंडर कर दिया है। सरेंडर करने वाले नक्सलियों के सिर पर 1 करोड़ 41 लाख रुपए का इनाम घोषित था। 21 महिला और 31 पुरुष नक्सलियों ने सरेंडर किया है।

शासन की पूना मारगेम पुनर्वास से पुनर्जीवन नीति के तहत दक्षिण सब जोनल ब्यूरो से जुड़े 52 माओवादी ने हिंसा और जनविरोधी विचारधारा का त्याग कर समाज की मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया। इन कैडरों पर उनके ▶▶|शेष पेज 5 पर

### साय बोले-बंदूक के नहीं विकास के साथ है भविष्य

*मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इसे हिंसा की विचारधारा पर विश्वास की निर्णायक विजय बताया। उन्होंने कहा कि पिछले 48 घंटों में कुल 81 नक्सलियों का आत्मसमर्पण इस बात का स्पष्ट संकेत है कि माओवाद अब केवल कमजोर नहीं पड़ रहा, बल्कि पूरी तरह बिखर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर में अब माओवादी संगठन के साथ-साथ उसकी विकृत विचारधारा और उसका पूरा सपोर्ट सिस्टम भी ध्वस्त हो चुका है। जहां कभी भय, भ्रम और दबाव का माहौल था, वहां अब शासन की सशक्त उपस्थिति, सुरक्षा बलों की सक्रियता और विकास योजनाओं की प्रभावी पहुंच ने लोगों में भरोसा पैदा किया है। 'पुनर्वास से पुनर्जीवन' अभियान के तहत सरकार उन सभी भटके युवाओं को सम्मानजनक जीवन, सुरक्षा और आजीविका के अवसर उपलब्ध करा रही है, जो हिंसा छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटना चाहते हैं, और यह व्यापक आत्मसमर्पण उसी भरोसे का प्रत्यक्ष प्रमाण है।*




अवकाश के दिन धान खरीदी के 3 मामले सहित फर्जी खरीदी

# धान खरीदी में अनियमितता, 31 निलंबित एक बर्खास्त, 14 राइस मिल भी सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में चालू खरीफ विपणन वर्ष में समर्थन मूल्य पर की जा रही धान खरीदी में अनियमितता बरतने के फलस्वरूप समिति प्रबंधकों तथा धान खरीदी से जुड़े 38 कर्मचारियों पर कार्रवाई की गई है। इनमें 31 कर्मचारियों के विरुद्ध निलंबन तथा एक की सेवा समाप्ति, दो को सेवा से पृथक, एक को कार्य से पृथक और तीन कर्मचारियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। ये कार्रवाईयां प्रदेश के 12 जिलों दुर्ग, बेमेतरा, कबीरधाम, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, सक्ती, जगदलपुर, रायपुर, ▶▶|शेष पेज 5 पर

सरकार की बड़ी कार्रवाई



**धान के स्टॉक में कमी पर कार्रवाई:** बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में धान खरीदी केन्द्र सकरी के प्रभारी समिति प्रबंधक सतीष कुमार महिलांग द्वारा नीति के विपरित कार्य करने के फलस्वरूप निलंबित किया गया है तथा बारदाना प्रभारी कुमारी थानेश्वरी साहू को नीति के विपरीत कार्य करने के फलस्वरूप सेवा से पृथक किया गया है। करमदा के प्रभारी समिति प्रबंधक राजकमल साहू को धान स्कंध में कमी पाए जाने के फलस्वरूप निलंबित किया गया है।

### खरीदी में अनियमितता प्रभारी पर एफआईआर

गरियाबंद जिले में धान खरीदी में लापरवाही एवं अनियमितता के लिए लोहरसी के कर्मचारी संतोष कुमार साहू, मैनपुर के गोपी राम मरकाम को निलंबित तथा शोभा के भीखम मरकाम को कार्य से पृथक किया गया है। महासमुंद जिले में धान खरीदी में अनियमितता के मामले में पिरदा के उपार्जन केन्द्र प्रभारी रोहित पटेल और सिंगबहाल के उपार्जन केन्द्र प्रभारी बुध्दिवंत प्रधान के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराया गया है। साथ ही धान खरीदी में अव्यवस्था के कारण तोषगांव के उपार्जन केन्द्र प्रभारी नकुल साहू को निलंबित किया गया है।

## चिंतन

# अनावश्यक दबाव न बनाएं कानून को काम करने दें

केंद्रीय जांच एजेंसियों पर अक्सर निष्पक्षता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता को लेकर सवाल उठते रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों से ये एजेंसियां विपक्षी दलों के निशाने पर रही हैं। सर्वोच्च अदालत भी ईडी की कार्यप्रणाली पर असंतोष जाहिर कर चुकी है। मगर हाल ही में पश्चिम बंगाल के कोलकाता में जो घटना हुई, उसमें न केवल ईडी, बल्कि राज्य सरकार भी सवालों के घेरे में आ गई है। केंद्रीय एजेंसी की ओर से एक राजनीतिक परामर्श फर्म के दफ्तर पर छापे के दौरान खुद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का वहां पहुंचकर हस्तक्षेप करना निस्संदेह कई सवाल खड़े करता है। इस घटना को लेकर ईडी और मुख्यमंत्री के अपने-अपने तर्क हैं, लेकिन इस बात पर भी गंभीरता से विचार करने की जरूरत है कि आखिर इस तरह की स्थिति क्यों उत्पन्न हुई। दरअसल, ईडी ने आईपैक मामले में कोलकाता में छापेमारी की थी। इस दौरान राज्य की ममता बनर्जी मौके पर पहुंची और ईडी के अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कुछ फाइलें अपने साथ ले गईं। अब इस मामले में गंभीरता से विचार करने वाली बात यह है कि क्या कोई मुख्यमंत्री या मंत्री सीधे केंद्रीय जांच एजेंसी की कार्रवाई में हस्तक्षेप कर सकता है। विश्लेषकों का कहना है कि आप एक राज्य की मुख्यमंत्री हो सकती हैं, लेकिन कानून से ऊपर नहीं। जांच एजेंसी पर अनावश्यक दबाव नहीं दिया जा सकता। कोई भी मुख्यमंत्री या मंत्री एजेंसियों की कार्रवाई में बाधा नहीं बन सकता। ममता द्वारा ईडी के अधिकारियों के खिलाफ कोलकाता में दर्ज करवाए गए केस भी किसी भी दृष्टि से उचित नहीं कहे जा सकते। सभी को चाहिए कि कानून को अपना काम करने दें। जांच एजेंसियों पर किसी भी सूरत में अनावश्यक दबाव नहीं दिया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस मामले में पश्चिम बंगाल की ममता सरकार को बड़ा झटका देते हुए ईडी के अधिकारियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर को स्थगित कर दिया और ममता बनर्जी को नोटिस जारी किया है। अदालत ने कहा कि यह मामला बहुत गंभीर है और इसकी गहन जांच की जानी चाहिए। इस विवाद के कई पहलू हैं। ममता ने ईडी की कार्रवाई को जहां राजनीतिक बदला बताया है, वहीं ईडी ने इसे जांच में बाधा डालने का मामला कहा है। अब यह विवाद संवैधानिक मुद्दा बन गया है, जिसमें केंद्र और राज्य सरकारों के बीच अधिकारों का टकराव हो रहा है। इसके गंभीर परिणाम दिखाई देंगे। ईडी ने आरोप लगाया है कि ममता बनर्जी ने जांच में बाधा डाली है, जबकि ममता बनर्जी ने इसे जांच की स्वतंत्रता पर हमला बताया है। ईडी का कहना है कि जब देश के उच्च संवैधानिक पदों पर बैठे लोग सरेआम जब्त किए गए सबूत छीनते हैं और उनका मीडिया में प्रदर्शन करते हैं, तो यह सीधे तौर पर संविधान और कानून के शासन का अपमान है। इस तरह की घटनाएं जांच एजेंसियों के कामकाज को कमजोर करती हैं और कानून के पालन में बाधा बनती हैं। एजेंसी ने पश्चिम बंगाल पुलिस की भूमिका पर भी गंभीर सवाल खड़े करते हुए दावा किया कि बंगाल पुलिस ने एफआईआर के नाम पर उन सीसीटीवी कैमरों को जब्त कर लिया, जिनमें कथित तौर पर मुख्यमंत्री और अधिकारियों द्वारा जांच में बाधा डालने की पूरी रिकॉर्डिंग मौजूद थी। एजेंसी ने इसे साक्ष्यों को नष्ट करने की कोशिश करार दिया और कहा कि केंद्रीय अधिकारियों को डराने और भविष्य में जांच से रोकने के लिए उनके खिलाफ झूठी और कई एफआईआर दर्ज की जाती हैं, ताकि वे दबाव में आकर अपना काम न कर सकें।



इस्लामिक नाटो
कांतिलाल मांडोत

# भारत के लिए संभावनाएं और चुनौतियां

> हाल के महीनों में जिस अवधारणा ने सबसे ज्यादा ध्यान खींचा है, वह है तथाकथित इस्लामिक नाटो। सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच हुआ रक्षा समझौता, उसमें तुर्किये की संभावित भागीदारी और अरब-इस्लामिक मंचों पर सामूहिक सुरक्षा की चर्चा ने इस विचार को नई हवा दी है। इस्लामिक नाटो' फिलहाल एक उभरती हुई परिकल्पना है, न कि एक ठोस हकीकत। इसके रास्ते में कई राजनीतिक, वैचारिक और व्यावहारिक अड़चनें हैं। जिस तरह से दुनिया का शक्ति संतुलन बदल रहा है, उसमें इस तरह की अवधारणाओं का उभरना स्वाभाविक है। भारत के लिए जरूरी है कि वह इन संकेतों को गंभीरता से समझे, अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर सजग रहे।

दुनिया की राजनीति इस समय एक गहरे बदलाव के दौर से गुजर रही है। शीत युद्ध के बाद जो वैश्विक व्यवस्था बनी थी, वह अब धीरे-धीरे ढीली पड़ती दिख रही है। अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं, वहीं क्षेत्रीय शक्तियां अपने-अपने स्तर पर नए सुरक्षा विकल्प तलाश रही हैं। इसी पृष्ठभूमि में हाल के महीनों में जिस अवधारणा ने सबसे ज्यादा ध्यान खींचा है, वह है तथाकथित इस्लामिक नाटो। सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच हुआ रक्षा समझौता, उसमें तुर्किये की संभावित भागीदारी और अरब-इस्लामिक मंचों पर सामूहिक सुरक्षा की चर्चा ने इस विचार को नई हवा दी है। यह महज तीन देशों की आपसी नजदीकी का मामला नहीं है, बल्कि मध्य पूर्व, दक्षिण एशिया और वैश्विक शक्ति संतुलन पर दूरगामी असर डालने वाली प्रक्रिया का संकेत भी है। भारत के संदर्भ में यह विषय इसलिए और महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि भारत के अधिकतर इस्लामिक देशों के साथ लंबे समय से कूटनीतिक और आर्थिक रिश्ते रहे हैं। सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात भारत के शीर्ष व्यापारिक साझेदारों में शामिल हैं। खाड़ी देशों में करोड़ों भारतीय काम करते हैं और वहां से आने वाला धन भारतीय अर्थव्यवस्था की एक मजबूत रीढ़ है। अब तक भारत ने इन देशों के साथ राजनीतिक मतभेदों के बावजूद व्यावहारिक और संतुलित संबंध बनाए रखे हैं।

अगर इस्लामिक देशों का कोई औपचारिक सैन्य संगठन अस्तित्व में आता है तो इस संतुलन पर असर पड़ना स्वाभाविक है। सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच सितंबर 2025 में हुआ रक्षा समझौता इस पूरी चर्चा की बुनियाद है। इस समझौते में यह प्रावधान रखा गया कि अगर दोनों में से किसी एक देश पर हमला होता है, तो उसे दूसरे देश पर हमला माना जाएगा। यह विचार पश्चिमी सैन्य गठबंधन की तर्ज पर है, जिसमें सामूहिक रक्षा की अवधारणा शामिल होती है। पाकिस्तान की खासियत यह है कि वह इकलौता इस्लामिक देश है जिसके पास परमाणु हथियार है। यही कारण है कि सऊदी अरब और अन्य खाड़ी देशों के लिए पाकिस्तान का साथ रणनीतिक रूप से आकर्षक बन जाता है। तुर्किये की संभावित भागीदारी इस गठजोड़ को और मजबूत रूप दे सकती है, क्योंकि तुर्किये के पास आधुनिक सैन्य तकनीक, प्रशिक्षित सेना और यूरोप तथा एशिया को जोड़ने वाली भौगोलिक स्थिति है। हालांकि यह भी सच है कि इस्लामिक देशों के बीच एक मजबूत और एकजुट सैन्य संगठन बनाना आसान नहीं है। इतिहास इस बात का गवाह रहा है कि मुस्लिम देशों ने पहले भी इस तरह की कोशिशें की हैं, लेकिन वे अक्सर कागजों से आगे नहीं बढ़ पाईं। सऊदी अरब की पहल पर बना आतंकवाद विरोधी इस्लामिक सैन्य गठबंधन हो या इस्लामिक सहयोग संगठन के भीतर संयुक्त सुरक्षा बल का प्रस्ताव, ये सभी योजनाएं आपसी मतभेदों और राजनीतिक असहमति के चलते ठंडे बस्ते में चली गईं। शिया और सुन्नी विभाजन, क्षेत्रीय नेतृत्व की प्रतिस्पर्धा और बाहरी शक्तियों से जुड़े हित इन प्रयासों की सबसे बड़ी बाधा रहे हैं। मध्य पूर्व की मौजूदा स्थिति इस बहस को और जटिल बना देती है। इजराइल की हालिया सैन्य कार्रवाइयों ने पूरे क्षेत्र को अस्थिर कर दिया है। कई इस्लामिक देशों पर हुए



हमलों के बाद अरब दुनिया में यह भावना गहरी हुई है कि उनकी सुरक्षा केवल बाहरी शक्तियों के भरोसे नहीं छोड़ी जा सकती। तेल संपन्न खाड़ी देशों के पास धन की कमी नहीं है, लेकिन परमाणु या अत्याधुनिक रणनीतिक हथियारों के मामले में वे कमजोर हैं। ऐसे में पाकिस्तान जैसे देश के साथ खड़ा होना उन्हें एक तरह की सुरक्षा ढाल का एहसास देता है। भारत के लिए यह परिदृश्य चिंता का विषय इसलिए भी है क्योंकि पाकिस्तान लंबे समय से इस्लामिक मंचों का इस्तेमाल भारत के खिलाफ माहौल बनाने के लिए करता रहा है। कश्मीर मुद्दे को इस्लामिक सहयोग संगठन की बैठकों में उठाया जाना और आतंकी घटनाओं को अंतरराष्ट्रीय रंग देने की कोशिशें इसका उदाहरण हैं।

विदेश मामलों के जानकार डॉ. राजन कुमार का मानना है कि भारत कभी नहीं चाहेगा कि इस्लामिक देशों के बीच कोई औपचारिक सैन्य संगठन बने, खासकर तब जब उसमें पाकिस्तान जैसी भूमिका हो। पाकिस्तान का परमाणु दर्जा उसे इस्लामिक दुनिया में एक अलग तरह की हैसियत देता है, जिसका इस्तेमाल वह अपने राजनीतिक उद्देश्यों के लिए कर सकता है। अगर भविष्य में इस्लामिक नाटो जैसा कोई संगठन बनता है और उसमें सामूहिक रक्षा का सिद्धांत लागू होता है, तो भारत और पाकिस्तान के बीच किसी भी संभावित संघर्ष का दायरा बढ़ सकता है। ऐसी स्थिति में संघर्ष केवल दो देशों तक सीमित न रहकर बहुपक्षीय रूप ले सकता है। तुर्किये पहले ही कई मौकों पर पाकिस्तान के समर्थन में खुलकर सामने आ चुका है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में अपनी कूटनीतिक रणनीति को और व्यापक बनाया है। ग्रीस और साइप्रस जैसे देशों के साथ रक्षा और रणनीतिक सहयोग बढ़ाना, इजराइल के साथ रिश्तों को और मजबूत करना, और पश्चिम एशिया में संतुलित नीति अपनाना इसी दिशा के कदम हैं। भारत की कोशिश रही है कि वह किसी एक खेमे में बंधने के बजाय सभी के साथ व्यावहारिक संबंध बनाए रखे। बदलते हालात में यह संतुलन बनाए रखना आसान नहीं होगा।

दूसरी ओर, यह भी समझना जरूरी है कि इस्लामिक नाटो की अवधारणा फिलहाल विचार और चर्चा के स्तर पर ही है। दोहा जैसी बैठकों में इसे सिद्धांत रूप में स्वीकार जरूर किया गया है, लेकिन कोई ठोस समयसीमा या स्पष्ट ढांचा सामने नहीं आया है। इस्लामिक देशों के आपसी मतभेद इतने गहरे हैं कि उन्हें एक मंच पर लाना ही बड़ी चुनौती है। मिस्र, जॉर्डन और कतर जैसे देश अभी भी अमेरिका के बड़े सहयोगी हैं। इंडोनेशिया और मलेशिया जैसे देशों की राजनीति और प्राथमिकताएं मध्य पूर्व से काफी अलग हैं। ऐसे में सभी का एकजुट होना आसान नहीं दिखता। फिर भी सऊदी अरब, पाकिस्तान और तुर्किये के बीच बढ़ती सैन्य और रणनीतिक नजदीकी को हल्के में नहीं लिया जा सकता। यह बदलते वैश्विक शक्ति संतुलन का संकेत है, जिसमें क्षेत्रीय शक्तियां अपने हितों की रक्षा के लिए नए रास्ते तलाश रही हैं। भारत के लिए यह एक चेतावनी भी है और एक अवसर भी। चेतावनी इसलिए कि भविष्य की चुनौतियों के लिए अभी से तैयार रहना होगा, और अवसर इसलिए कि सक्रिय कूटनीति, मजबूत आर्थिक संबंधों और बहुपक्षीय संवाद के जरिए इन बदलावों को संतुलित किया जा सकता है। कहा जा सकता है कि 'इस्लामिक नाटो' फिलहाल एक उभरती हुई परिकल्पना है, न कि एक ठोस हकीकत। इसके रास्ते में कई राजनीतिक, वैचारिक और व्यावहारिक अड़चनें हैं। जिस तरह से दुनिया का शक्ति संतुलन बदल रहा है, उसमें इस तरह की अवधारणाओं का उभरना स्वाभाविक है। भारत के लिए जरूरी है कि वह इन संकेतों को गंभीरता से समझे, अपनी रणनीति को समय के साथ ढाले और अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर सजग रहे।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मंथन

बाल मुकुन्द ओझा



# समाज की जटिल सच्चाई बन गए हैं बिखरते रिश्ते

परिवार के सम्बन्ध में देशभर से मिल रही ख़बरें बेहद चिंताजनक हैं। परिवार को हमारे समाज में सामाजिक और सार्वभौमिक संस्था के रूप में स्वीकारा गया है। अनुशासन, आपसी स्नेह और भाईचारा तथा मर्यादा, परिवार को एक खुशहाल परिवार बना देता है। बुजुर्गों का कहना है जिस परिवार में एकता की भावना होती है, उसी घर में ही सुख-शांति और सम्पन्नता का निवास होता है। यही सामाजिक संस्था आज खंडित होने की स्थिति में है। परिवार और बिखरते रिश्ते आज समाज की एक जटिल सच्चाई बन गए हैं। परिवार की व्यवस्था आज की नहीं है, बल्कि ऋषि-मुनियों की देन है। आज दरकते रिश्तों से परिवार व्यवस्था टूट रही है जो समाज के लिए ठीक नहीं है। आज भी देश और दुनिया, परिवार और संयुक्त परिवार की अहमियत को लेकर विवादों में उलझी है। भारत में संयुक्त परिवार प्रणाली बहुत प्राचीन समय से ही विद्यमान रही है। वह भी एक जमाना था, जब भरा-पूरा परिवार हंसता-खेलता और चहकता था और एक-दूसरे से जुड़ा रहता था। बच्चों की किलकारियों से मोहल्ला गूंजता था। पैसे कम होते थे पर उसमे भी बहुत बरकत होती थी। आज परिवार छोटे हो गए हैं और टूटते जा रहे हैं। हमारे रिश्ते बिखरते जा रहे हैं। संयुक्त परिवार की आज के समय में महती आवश्यकता है। संयुक्त परिवारों के अभाव में भाईचारा एवं पारिवारिक वातावरण खत्म होने लगा है। परिवार में रिश्तों की नीरसता और संवादहीनता को दूर करने, परस्पर भाईचारे व तालमेल को बैठाने के लिए रिश्तों में सकारात्मक सोच को बढ़ाने की जरूरत है। परिवार के सभी छोटे हुए बड़े सदस्यों की भावनाओं का सम्मान करें तथा दिनभर घटित होने वाली छोटी-छोटी बातों और दुख-सुख को आपस में बांटें। संयुक्त राष्ट्र ने 1994 को अंतरराष्ट्रीय परिवार वर्ष घोषित किया था। समूचे संसार में लोगों के बीच परिवार की अहमियत बताने के लिए हर साल 15 मई को अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया जाने लगा है। आज बहुत से ऐसे परिवार हैं जिन्हें एक-दूसरे से खुलकर बात करने के लिए ज्यादा वक्त नहीं मिल पाता। आज के जमाने में लाइफ स्टाइल कितनी बदल गई है। बच्चे बहुत छोटी उम्र में ही स्कूल जाना शुरू कर देते हैं। बहुत से माता-पिता काम पर चले जाते हैं। जो थोड़ा-बहुत समय वे साथ होते भी हैं, वह भी टीवी-कंप्यूटर या फोन पर चला जाता है। बहुत से परिवारों में बच्चे और माता-पिता अजनबियों की तरह अपनी-अपनी जिंदगी जीते हैं। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में परिजनों से आपस में बात करने में जो खुशी और आनंद मिलता है, उसकी कल्पना शब्दों में नहीं की जा सकती। परिजनों से बात करने का सुख अब विरलों को ही मिल पाता है। इससे तनाव कम होने के साथ विभिन्न पारिवारिक दिक्कतों और समस्याओं का एक ही जाजम पर हाथों हाथ निपटारा हो जाता है। परिवार मर्यादा और आदर्श का जीवंत उदाहरण है। यह सामाजिक संगठन की मौलिक इकाई है। परिवार के अभाव में मानव समाज का अस्तित्व नामुमकिन है। फैमिली की बुनियाद उनके बीच का प्यार है, जो सबको एक साथ जोड़ कर रखता है। अक्सर देखा जाता है परिजन रहते एक छत के नीचे हैं, मगर उनमें आपसी बातचीत नहीं हो पाती है। इससे परिवार में घुटन और तनाव के साथ असुरक्षा का भाव रहता है। यदि एक दिन में एक घंटे भी परिजन साथ बैठकर बातचीत कर लें तो परिवार की खुशियां द्विगुणित हो सकती हैं। हमारा देश भारत, विश्व में परिवार मर्यादा और आदर्श का जीवंत उदाहरण है। यह सामाजिक संगठन की मौलिक इकाई है। परिवार के अभाव में मानव समाज का अस्तित्व नामुमकिन है। पहले मानव एक कबीले के रूप में रहता था। सभ्यता और संस्कृति के विकास के साथ परिवार की परिभाषा भी बदलती गई। आज संयुक्त परिवार भी विघटन के कगार पर है। लोग एकाकी रहने लगे है। सियासी प्रगति की अंधी दौड़ में हमने दुनिया को अवश्य अपनी मुट्ठी में कर लिया है, मगर परिवार नामक संस्था से विमुख होते जा रहे हैं। इसी का नतीजा है कि देश में पारिवारिक समस्याएं बढ़ती जा रही हैं, जिसका खामियाजा बच्चे से बुजुर्ग तक को उठाना पड़ रहा है। एक ही परिवार में धीरे-धीरे एक-दूसरे से आपसी बातचीत बंद होने से अनेक समस्याएं उठ खड़ी हुई हैं। समय रहते बातचीत का रास्ता नहीं खुला तो तनाव, घुटन और अवसाद का सामना करना पड़ सकता है। बातचीत और आपसी संवाद खुशियों का खजाना हैं जिससे मरहूम होना किसी भी परिवार के लिए संभावित व्याधि को आमंत्रित करना है। महानगरीय संस्कृति ने परिवार व्यवस्था को मटियामेट करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है फलस्वरूप मानव को अनेक संकटों का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर परिवार विघटित होने से समाज व्यवस्था गड़बड़ाने लगी है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# सत्य में ऐसी शक्ति जो आपको सौ झूठ से बचाए



संकलित
**दर्शन**

संसार में सत्य को सबसे सुंदर कहा गया है। हमारे शास्त्र भी कहते हैं कि सत्य के लिए किसी से भी संघर्ष करने के लिए स्वयं को सदैव तत्पर रखना चाहिए। एक सत्य ही तो है, जो मनुष्य को सौ झूठ बोलने से बचा लेता है। सत्य की ऐसी महत्ता-महिमा होते हुए भी संप्रति संसार में असत्य का बोलबाला बढ़ा है। हालांकि, असत्य का आश्रय लेने वालों को सदैव यह स्मरण रखना चाहिए कि अंत में विजय सत्य के खेमे का ही वरण करती है। वास्तव में जहां सत्य है, वहीं धर्म है और जहां धर्म वहीं विजय है। यदि हमारी जीवन रूपी इमारत सत्य रूपी नींव पर खड़ी होगी तभी हम उसे निरंतर ऊंचाई प्रदान करते हुए उसकी प्रकृति को संरक्षित रख पाएंगे। सत्य के महत्व पर बुद्ध ने कहा कि सत्य को छोड़कर जो असत्य बोलता है, धर्म का उल्लंघन करता है, परलोक की जिसे चिंता नहीं है, वह व्यक्ति बड़े से बड़ा पाप कर सकता है। इसलिए असत्य का परित्याग ही श्रेयस्कर है। मनीषी कहते हैं कि 'मनसा वाचा कर्मणा' यानी मन, वचन और कर्म से सत्य बोलना चाहिए। जो विचार मन में हों वही वाणी में भी होने चाहिए और उसी के अनुरूप ही मनुष्य का व्यवहार भी होना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं कि मन, वचन और कर्म से अलग रहने वाले पूर्णरूपेण सत्य का आचरण नहीं कर सकते।गांधी जी जैसे महामानव सत्य को निरपेक्ष सत्य के रूप में ग्रहण करते हैं। सत्य को ईश्वर का पर्यायवाची बताते हैं। उसे अपनी नीति का अहम अवयव मानते हैं। इसी सत्य के प्रति निष्ठावान हैं।

# जिसका भी मनोबल जागा



संकलित
**प्रेरणा**

राजा सुकीर्ति के पास एक लौहश्रुन्घ नामक हाथी था। राजा ने कई युद्ध में उसपर चढ़ाई करके विजय पायी थी। बचपन से ही उसे इस प्रकार से तैयार किया गया था कि युद्ध में शत्रु सैनिको को देखकर वो उनपर इस तरह टूट पड़ता। समय गुजरता गया, अब वह पहले की तरह कार्य नहीं कर पाता था। इसलिए अब राजा उसे युद्ध क्षेत्र में भी नहीं भेजते थे। वह सिर्फ हाथी शाला की शोभा बन कर रह गया। एक दिन वह सरोवर में जल पीने के लिए गया, लेकिन वहीं कीचड़ में उसका पैर धंस गया और फिर धंसता ही चला गया। हाथी के फंसने का समाचार राजा तक भी पहुँचा। राजा समेत सभी लोग हाथी के आसपास ईकट्ठे हो गए और विभिन्न प्रकार के प्रयत्न उसे निकालने के लिए करने लगे। लेकिन बहुत देर तक प्रयास करने के उपरांत कोई मार्ग नहीं निकला। तभी गौतम बुद्ध मार्गभ्रमण कर रहे थे। राजा और सारा मंत्रीमंडल तथागत गौतम बुद्ध के पास गये और अनुरोध किया। गौतम बुद्ध ने सबसे पहले घटनास्थल का निरीक्षण किया। और फिर राजा को सुझाव दिया कि युद्ध का माहौल बनाया गया, वाद्ययंत्र मंगवाए गए। नगाड़े बजवाये गए और ऐसा माहौल बनाया गया कि शत्रु सैनिक लौहश्रुन्घ की ओर बढ़ रहे है। और फिर तो लौहश्रुन्घ में एक जोश आ गया। गले तक कीचड़ में धस जाने के बावजूद वह जोर से चिंघाड़ लगाकर सैनिको की ओर दौड़ने लगा। बड़ी मुश्किल से उसे संभाला गया। गौतम बुद्ध ने सबको स्पष्ट किया कि हाथी की शारीरिक क्षमता में कमी नहीं थी, आवश्यकता मात्र उसके अंदर उत्साह के संचार करने की थी।

## माघ मेला



उत्तर प्रदेश के प्रयागराज संगम पर माघ मेला उत्सव के दौरान एक भक्त गुरुवार को सर्दियों की धुंधली सुबह में पूजा करते हुए।

## आज की पाती

### बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा कैसे हो?

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर जो अत्याचार हो रहे हैं, वो हिंदुओं पर नहीं, बल्कि मानवता पर अत्याचार हो रहे हैं। इसके लिए वैसे तो सारी दुनिया को आगे आना चाहिए, लेकिन सवाल तो यह है कि बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या का जो घिनौना काम हो रहा है, उसके लिए भारत सरकार क्यों सख्त कदम नहीं उठा रही है? भारत सरकार को चाहिए कि वो वहां से हिंदुओं को सुरक्षित निकालने के उचित इंतजाम करे और सीएए अर्थात नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत इन्हें भारत में शरणार्थी बनाएं। दूसरी चीज, इस मुद्दे को जल्दी से जल्दी अंतरराष्ट्रीय मंच पर रखे और संयुक्त राष्ट्र संघ को वहां एक टीम गठित करने की मांग भारत सरकार को करनी चाहिए, लेकिन सवाल तो यह भी है कि क्या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐसी स्थिति से निपटने के लिए कोई नियम नहीं है क्या? *- वीरेंद्र पाटिल, भिलाई*

## ट्रेंड

### युवाओं का योगदान



भारत का भविष्य ऐसे युवाओं पर निर्भर है जो वैज्ञानिक सोच रखते हों, ज़िम्मेदारी से कार्य करें और निःस्वार्थ भाव से सेवा करें। मेरा सभी युवाओं से अनुरोध है कि आप जो भी कार्य चुनें, यह सुनिश्चित करें कि आपका योगदान राष्ट्र को सुदृढ़ बनाएगा और मानवीय मूल्यों को मजबूत करेगा।
**- द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**

### स्त्री सम्मान-समृद्धि योजना



नारी शक्ति का विकास कहने से नहीं, उन्हें सच्चा प्रतिनिधित्व देने से होगा। हम 'आधी आबादी' अर्थात हर बच्ची, युवती, नारी, महिला को सामाजिक-आर्थिक रूप से समान सम्मान देने के लिए 'स्त्री सम्मान-समृद्धि योजना' लाएंगे।
**- डिंपल यादव, सांसद, सपा**

### 'फीता काटने' का इंतजार



जयपुर में आने वाली बसों का ट्रैफिक शहर से बाहर ही रोकने के लिए बनाया हीरापुरा सैटेलाइट बस टर्मिनल पिछले 2 साल से बनकर तैयार है, लेकिन सरकार के 'फीता काटने' के इंतजार में ताला बंद पड़ा है।
**- अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान**


### विरासत ध्वस्त



भोंडे सौंदर्यीकरण और व्यवसायीकरण के नाम पर आपने बनारस के मणिकर्णिका घाट में बुलडोज़र चलवाकर सदियों पुरानी धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को ध्वस्त करा दिया है। आप चाहतें हैं कि इतिहास की हर धरोहर को मिटाकर बस अपना नेम-प्लेट चिपका दिया जाएँ।
**-मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

## करंट अफेयर


# वीजा पर लगाई गई रोक, कार्य वीजा व पयर्टन पर लागू नहीं



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन द्वारा बांग्लादेश और पाकिस्तान समेत ''उच्च-जोखिम' वाले 75 देशों के लोगों के लिए प्रवासी वीजा पर लगाई गई ताजा रोक पर्यटक या कार्य वीजा पर लागू नहीं होती और इसका असर उन लोगों पर पड़ेगा जो अमेरिका में स्थायी रूप से रहना चाहते हैं। अमेरिका ने पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, ईरान, इराक और रूस सहित 75 देशों के नागरिकों के लिए प्रवासी वीजा जारी करने की प्रक्रिया पर रोक लगाने की बुधवार को घोषणा की। उसने कहा कि इन देशों से आने वाले प्रवासी अमेरिकी लोगों की कल्याणकारी योजनाओं का 'अस्वीकार्य दरों' पर लाभ लेते हैं। प्रवासियों पर ट्रंप प्रशासन की सख्ती के तहत उठाया गया यह ताजा कदम उन विदेशियों के प्रवेश पर अंकुश लगाने के लिए है जिनके अमेरिका में रहते हुए सार्वजनिक लाभों पर निर्भर रहने की आशंका है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'राष्ट्रपति ट्रंप ने स्पष्ट कर दिया है कि प्रवासियों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होना चाहिए और अमेरिकियों पर वित्तीय बोझ नहीं बनना चाहिए। विदेश मंत्रालय सभी नीतियों, विनियमों और दिशानिर्देशों की पूर्ण समीक्षा कर रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उच्च-जोखिम वाले इन देशों से आने वाले प्रवासी अमेरिका में कल्याणकारी योजनाओं का उपयोग न करें।'

## ऑफ बीट

# चैटजीपीटी को धन्यवाद देना क्या ऊर्जा बर्बाद करना है



यदि आप अगली बार चैटजीपीटी से सवाल करते समय "कृपया" और "धन्यवाद" शब्द हटा देंगे, तो आप अपने 'पृथ्वी' ग्रह को बचाने में मदद करेंगे। ऑनलाइन बातचीत में कहा जाता है कि चैटजीपीटी से सवाल करते समय "कृपया" और "धन्यवाद" शब्द का उपयोग न करने का मतलब 'पृथ्वी' को बचाने में मदद करना है। यह विचार सुनने में कुछ हद तक सही लगता है क्योंकि एआई सिस्टम टेक्स्ट को क्रमिक रूप से प्रोसेस करते हैं: लंबा प्रॉम्प्ट अधिक कम्प्यूटेशन मांगता है इसलिए अधिक ऊर्जा खर्च होती है। ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने भी माना है कि अरबों प्रॉम्प्ट के पैमाने पर यह ऑपरेटिंग लागत बढ़ाता है। फिर भी, यह कहना कि एआई को शिष्टाचार के साथ इस्तेमाल करने से पर्यावरण पर महत्वपूर्ण असर पड़ता है, सही नहीं है। कुछ अतिरिक्त शब्दों का असर उस ऊर्जा की तुलना में नगण्य है जो डेटा सेंटर के संचालन में लगता है। एआई का वास्तविक पर्यावरणीय प्रभाव कृत्रिम बुद्धिमत्ता बड़े डेटा सेंटर पर निर्भर करती है, जिनमें उच्च-घनत्व कंप्यूटिंग अवसंरचना होती है। ये केंद्र भारी बिजली का उपयोग करते हैं, लगातार ठंडे रखे जाते हैं, और ऊर्जा आपूर्ति, जल और भूमि उपयोग जैसे व्यापक सिस्टम में जुड़े होते हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

रायपुर
शुक्रवार 16 जनवरी 2026
माघ कृष्ण पक्ष त्रयोदशी
वर्ष : 24, अंक : 177
पृष्ठ : 14+4+4 =22 मूल्य : 5 .00**

मौसम
अधि. 27.9
न्यूून. 15.5

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



3
दोस्तों के साथ ट्रिप पर निकलीं

विचार पेज
भारत के लिए संभावनाएं और चुनौतियां




## पंडरी एक्सप्रेस वे में गाड़ी चलाते हुए छात्र के दोनों गाल में कट

# चाइनीज मांझे से रायपुर में छात्र का गाल कटा, दुर्ग में एक जखमी, इधर, देशभर में मांझे ने ली 17 की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

देश के साथ प्रदेश में भी चाइनीस मांझे का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। पतंगबाजी के दौरान रायपुर के छात्र के गाल कट गए, वहीं भिलाई में ठेका मजदूर घायल हो गया। पहली घटना रायपुर के पंडरी एक्सप्रेस वे पर हुई। इस हादसे में छात्र संकल्प द्विवेदी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके दोनों गाल में मांझे से कट लगे हैं। वह अपनी बड़ी बहन को स्कूल छोड़ने जा रहा था, तभी चलती गाड़ी में चाइनीस मांझा उसके चेहरे में फंस गया। इससे छात्र के गाल कट गए। वह लहूलुहान हो गया। छात्र को 34 टांके लगाने पड़े। हादसे में छात्र के बहन के हाथ भी मांझे से कट गए। डॉक्टरों ने बताया ▶▶|शेष पेज 5 पर

## 32 टांके लगे, डॉक्टरों ने प्लास्टिक सर्जरी करवाने कहा

### भिलाई में ठेका श्रमिक के गले में फंसा मांझा

*भिलाई में मकर संक्राति के दिन कुछ युवक चाइनीस मांझे से पतंग उड़ा रहे थे। साइकिल से घर लौटते समय पतंग का मांझा सीधे श्रमिक के गले में उलझ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूत्रों के मुताबिक घायल की पहचान चांदनी चौक कोहका निवासी असलम के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि असलम भिलाई इस्पात संयंत्र में ठेका श्रमिक है। घटना के बाद उसे तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।*


मकर संक्राति पर पतंग के साथ जानलेवा डोर, इंदौर में पार का कटा गला
चाइनीज मांझे ने ली यूपी के डॉक्टर की जान
कर्नाटक-गुजरात में 3 बाइक सवारों की मौत

### गुहार लगाने पहुंचा छात्र

*पंडरी एक्सप्रेस वे चाइनीज मंजे से घायल छात्र संकल्प द्विवेदी इस घटना के बाद नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी के पास पहुंचा और न्याय की गुहार लगाई। उसने कहा कि जो घटना मेरे साथ घटी है, वो किसी भी परिवार के साथ ना हो, इस के लिए आप के पास आया हूं, आप से उम्मीद है कि हमारी मदद करेंगे। नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने अपनी गहरी संवेदना प्रगट करते हुए कहा कि वे छात्र संकल्प द्विवेदी की हरसंभव मदद* ▶▶|शेष पेज 5 पर



### इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दी हिदायत

इधर, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए एक बार फिर कहा कि चाइनीज मांझा के निर्माण, उपयोग और बिक्री पर राज्य सरकार प्रतिबंध लगाए। चाइनीज मांझा मानव के साथ ही पक्षियों के लिए भी घातक है। यह आदेश मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली तथा न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेन्द्र की खंडपीठ ने दिया है।

### चार राज्यों में कई घायल

मकर संक्रांति पर पतंगबाजी के दौरान लगातार हादसे भी सामने आ रहे हैं। बीते दो दिनों में गुजरात में में 9 और राजस्थान में 6, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में 1-1 लोगों की मौत हो चुकी है। एक दिन पहले उत्तरप्रदेश में एक डॉक्टर की मौत चाइनीज मांझे से हुई थी। इंदौर में मकर संक्रांति के पर्व पर चीनी मांझे के कारण चार राहगीर घायल हो गए और पुलिस ने पतंग उड़ाने में इस घातक डोर के इस्तेमाल व इसकी खरीद-फरोख्त के आरोप में 25 लोगों को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया ने बताया कि मकर संक्रांति पर बुधवार को शहर के अलग-अलग इलाकों में चीनी मांझे के कारण चार राहगीर घायल हो गए। जिन्हें नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि इलाज के बाद चारों मरीजों की हालत फिलहाल खतरे से बाहर है। ▶▶|शेष पेज 5 पर

# गुजरात में पांच लाख, महाराष्ट्र में चार लाख, छग में सिर्फ 25 हजार घरों में लगे सोलर पैनल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



खास खबर

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में देशभर के राज्यों में गुजरात पहले नंबर पर है। गुजरात में सबसे ज्यादा सवा पांच लाख घरों की छतों पर सोलर पैनल लग गए हैं। इसके बाद महाराष्ट्र का नंबर है, जहां पर चार लाख से ज्यादा घरों में सोलर पैनल लगे हैं। तीसरे नंबर पर उप्र है, जहां सवा तीन लाख से ज्यादा सोलर पैनल लगे हैं। छत्तीसगढ़ का नंबर पीछे है। यहां पर करीब 25 हजार घरों में ही सोलर पैनल लग सके हैं। छत्तीसगढ़ टॉप टेन में नहीं है। केंद्र सरकार ने देशभर में एक करोड़ घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाने की योजना बनाई है। अब तक यहां 56 लाख 17665 आवेदन आए हैं। 27 लाख से ज्यादा घरों में सोलर पैनल लगे हैं। इससे आठ हजार मेगावाट ▶▶|शेष पेज 5 पर

### छत्तीसगढ़ में अब तक 124332 आवेदन

छत्तीसगढ़ टॉप टेन राज्यों में नहीं है, लेकिन कुछ राज्यों से जरूर उसकी स्थिति अच्छी है। छत्तीसगढ़ में अब तक 124332 आवेदन आए हैं। इनमें से 26612 घरों में सोलर पैनल लग गए हैं। बीते दो माह से तेजी से काम हो रहा है। इसके पहले सोलर पैनल लगाने की रफ्तार बहुत धीमी थी। वेंडरों पर लगाम कसने के कारण अब तेजी से घरों में सोलर पैनल लगाने का काम हो रहा है।

### ये हैं टॉप 5 राज्य

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के केंद्र सरकार के राष्ट्रीय पोर्टल के मुताबिक सबसे ज्यादा गुजरात में इस योजना पर काम हो रहा है। यहां पर 622112 आवेदन आए हैं और इनमें से 528332 घरों में सोलर पैनल भी लग गए हैं। इसके बाद महाराष्ट्र में 597642 आवेदन आए हैं और यहां पर 409566 घरों में सोलर पैनल लग गए हैं। तीसरे नंबर पर उप्र का नाम है। इस राज्य में 1056616 आवेदन आए हैं। यहां पर अब तक 339930 घरों में सोलर पैनल लगे हैं। चौथे नंबर पर केरला है, यहां पर 246121 आवेदन ▶▶|शेष पेज 5 पर

### ये हैं टॉप पांच राज्य

गुजरात- 528332
महाराष्ट्र -409566
उप्र- 339930
केरला - 182479
राजस्थान 125304

## घर में आग, तीन बच्चों सहित छह जिंदा जले

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के नौराधार क्षेत्र के एक गांव में बुधवार रात एक घर में लगी आग में तीन बच्चों सहित छह लोगों की जलकर मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया। घटना की शुरुआती जांच से प्रतीत होता है कि तंलगना गांव के घर में आग बुधवार देर रात चूल्हे के कारण लगी थी। एसडीएम ने बताया कि तलंगना, संगड़ाह उपमंडल का एक दूरस्थ गांव है जो सड़क मार्ग से जुड़ा हुआ नहीं है। जब ग्रामीणों ने आग देखी और मौके पर मदद के लिए पहुंचे, तब तक आग के कारण पुराने लकड़ी के घर को काफी भारी नुकसान हो चुका था।

## वंदे मातरम गाकर रचा इतिहास



3 हजार से अधिक स्कूल-कॉलेज में एक साथ गायन

### 5 लाख युवाओं की रही भागीदारी

**रायपुर।** वंदे मातरम् गान पर गुरुवार को रायपुर लोकसभा क्षेत्र के 5 लाख युवाओं ने इतिहास रच दिया। 3000 से अधिक स्कूल-कॉलेजों में एक साथ वंदे मातरम् का गान हुआ। इस अवसर पर रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल में वंदे मातरम् की ऐतिहासिक योगदान पर प्रकाश डाला। राज्य सरकार के मंत्री, विधायक, महापौर, निगम मंडल के अध्यक्ष, पार्षद, पंच -सरपंच समेत सभी जनप्रतिनिधियों ने भी युवाओं के साथ पूर्ण वंदे मातरम् गाकर इस ऐतिहासिक पल के गवाह बने।

## सीयू के छात्र ने किया आत्मदाह का प्रयास, हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर



गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के बीए-एलएलबी फोर्थ सेमेस्टर के छात्र आयुष यादव ने गुरुवार को अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा ली, जिससे वह बुरी तरह से झुलस गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर पेट्रोलिंग वाहन से गंभीर स्थिति में छात्र को लेकर ▶▶|शेष पेज 5 पर

### पुलिस ने छात्र का मोबाइल किया सीज

यूनिवर्सिटी के छात्रों के बीच यह भी चर्चा बनी हुई है कि घटना के पहले छात्र आयुष यादव ने घटना से पहले अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक भावुक स्टोरी भी पोस्ट की है और आत्मदाह का वीडियो बनाए जाने की चर्चा है। ▶▶|शेष पेज 5 पर

## सीएम बिलासपुर में फहराएंगे तिरंगा, रायपुर में राज्यपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ गणतंत्र दिवस पर इस बार ऐसी तैयारी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इस बार गणतंत्र दिवस पर बिलासपुर में ध्वजारोहण करेंगे। खास बात ये है कि मुख्यमंत्री पहली बार यहां तिरंगा फहराएंगे। अब से पहले गणतंत्र दिवस पर मुख्यमंत्री बस्तर में ध्वजारोहण करते रहे हैं। इधर राजधानी रायपुर में राज्यपाल ध्वजारोहण करेंगे।



राज्य में बरसों से 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस और 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण एक परंपरा के ▶▶|शेष पेज 5 पर

## पर्यटकों के लिए माघ मेला में टेंट सिटी बसाई गई

# मकर संक्रांति पर एक करोड़ ने गंगा-संगम में लगाई डुबकी

एजेंसी ▶▶| प्रयागराज/नई दिल्ली

प्रयागराज में चल रहे माघ मेले में गुरुवार को मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर करीब एक लाख लोगों ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। मेला प्रशासन के एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार रात 12 बजे से ही स्नान प्रारंभ हो गया था। उन्होंने कहा कि आज पूरे दिन मकर संक्रांति का मुहूर्त है जिसे देखते हुए स्नानार्थियों की संख्या एक करोड़ के पार पहुंचने की संभावना है। मंडलायुक्त ▶▶|शेष पेज 5 पर



### पीएम मोदी ने गायों को खिलाया चारा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को 7, लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने सरकारी आवास पर गायों को चारा खिलाकर दिन की शुरुआत की। सोशल मीडिया पर साझा किए गए 39 सेकंड के एक वीडियो में प्रधानमंत्री को घास के मैदान में गायों की सेवा करते देखा गया।

### महाकाल का तिल के तेल से अभिषेक

उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में महाकाल का तिल के तेल से अभिषेक हुआ। भस्म आरती में भी तिल चढ़ाया गया और तिल के लड्डुओं का भोग लगा।

### वाराणसी-गंगासागर में उमड़ी भीड़

यूपी के वाराणसी के गंगा घाट और पश्चिम बंगाल के गंगासागर में स्नान के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी है। पंजाब के अमृतसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सचखंड श्री दरबार साहिब में पवित्र स्नान किया।



# एक दिन का पहला पोस्टर जारी रोमांटिक अंदाज में नजर आईं साई



**मुंबई।** आमिर खान के बेटे जुनैद खान की फिल्म 'एक दिन' का पोस्टर रिलीज हो चुका है। एक्टर के साथ रोमांटिक अंदाज में साई पल्लवी नजर आईं। महाराज और लवयापा जैसी फिल्मों से दर्शकों का दिल जीत चुके जुनैद खान की आगामी बॉलीवुड फिल्म एक दिन' का पहला पोस्टर रिलीज हो चुका है। फिल्म के पोस्टर के साथ निर्माताओं ने गुरुवार 'एक दिन' की रिलीज की जानकारी शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। आमिर खान प्रोडक्शंस ने 15 जनवरी को 'एक दिन' का पहला पोस्टर जारी किया। इसमें जुनैद खान और साई पल्लवी बर्फबारी में रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। दोनों बर्फबारी में कड़ाके की ठंड के बीच आइसक्रीम खाते दिखाई दे रहे हैं। इस पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा, 'जिंदगी की उथल-पुथल में, प्यार तुम्हें ढूंढ लेगा... एक दिन।'

# दोस्तों के साथ ट्रिप पर निकलीं

बॉलीवुड की चर्चित फिल्मों में काम कर चुकी लोकप्रिय अभिनेत्री अपने दोस्तों के साथ हाल ही में यात्रा पर निकलीं। उन्होंने वेकेशन की कुछ फोटोज फैंस के साथ शेयर की हैं। ये एक्ट्रेस रणबीर कपूर और इमरान खान जैसे सितारों के साथ काम कर चुकी हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रणबीर कपूर और इमरान खान जैसे सितारों के साथ काम कर चुकी एक एक्ट्रेस इन दिनों फिल्मी दुनिया से दूर हैं। मगर, इसके बावजूद खूब लाइमलाइट में रहती हैं। खासकर, सोशल मीडिया पर वे नियमित रूप से तस्वीरें और वीडियो शेयर करती दिखती हैं।

अपने हालिया पोस्ट में उन्होंने दोस्तों के साथ फोटोज शेयर की हैं। हम जिनकी बात कर रहे हैं, वो दरअसल, मिनिषा लांबा हैं। वे इन दिनों दोस्तों के साथ सैर-सपाटे पर निकली हैं। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से कुछ फोटोज साझा किए हैं। इनमें वे समुद्र किनारे दोस्तों के साथ क्वालिटी टाइम बिताती दिख रही हैं। मिनिषा 18 जनवरी को अपना बर्थडे सेलिब्रेट करेंगी, उससे पहले उन्होंने दोस्तों के साथ यह ट्रिप प्लान की है। मिनिषा ने गुरुवार को इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा किए पोस्ट के साथ एक नोट लिखा है। इसमें अपने खास दोस्तों का जिक्र किया है, जिनके साथ ट्रिप मजेदार रही।



# सुनील ग्रोवर ने चूल्हे पर बनाईं रोटियां

नई दिल्ली। कॉमेडियन और एक्टर सुनील ग्रोवर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में सुनील ग्रोवर चूल्हे पर रोटी बनाते नजर आ रहे हैं। फैंस को सुनील का ये अंदाज बहुत पसंद आया है। कपिल शर्मा के शो में कभी गुत्थी तो कभी डॉक्टर मशहूर गुलाटी बनकर फैंस को हंसाने वाले सुनील ग्रोवर ने अब एक नया वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है। इस वीडियो में सुनील ग्रोवर किसी किरदार में नहीं बल्कि सुनील ग्रोवर नजर आ रहे हैं। वीडियो में सुनील चूल्हे पर रोटीयां बनाते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो पर उनके फैंस से लेकर सिलेब्स तक ने रिएक्शन दिया है।


## पूर्व तट रेलवे

निविदा सूचना सं. EPC-CECONIIIBBS2025035, दिनांक : 27.08.2025 का शुद्धिपत्र सं.02

उपरोक्त निविदा सूचना में निम्नवर्णित रूपांतरण कर दिया गया है, जिसे कृपया नोट किया जाना चाहिए।

निविदा बंद होने की तिथि व समय: प्रकाशित अनुसार (शुद्धिपत्र सं.01)- दिनांक 23.01.2026 को 1200 बजे, पढ़ा जाना चाहिए- दिनांक 23.02.2026 को 1200 बजे।

अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

संपूर्ण जानकारी के लिए, इच्छुक निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे वेबसाइट www.ireps.gov.in अवलोकन करें।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)/ भुवनेश्वर

PR-233/CI/25-26




## पूर्व तट रेलवे

निविदा सूचना सं. EPC-CECONIIIBBS2025031, दिनांक : 14.08.2025 का शुद्धिपत्र सं.02

उपरोक्त निविदा सूचना में निम्नवर्णित रूपांतरण कर दिया गया है, जिसे कृपया नोट किया जाना चाहिए।

निविदा बंद होने की तिथि व समय: प्रकाशित अनुसार (शुद्धिपत्र सं.01)- दिनांक 27.01.2026 को 1200 बजे, पढ़ा जाना चाहिए- दिनांक 16.02.2026 को 1200 बजे।

अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

संपूर्ण जानकारी के लिए, इच्छुक निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे वेबसाइट www.ireps.gov.in अवलोकन करें।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)/ भुवनेश्वर

PR-232/CI/25-26

## ITSA HOSPITALS इट्सा हॉस्पिटल्स

द्वारा पूर्व में प्रकाशित हेल्थ चेकअप एवं लकी ड्रॉ वाले ऑफर को विथड्राव किया गया है।

वर्तमान में यह ऑफर उपलब्ध नहीं है। हम सभी का विश्वास एवं सहयोग के लिए हार्दिक धन्यवाद करते हैं। नवीनतम ऑफर्स एवं स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी के लिए कृपया

ITSA Hospitals से संपर्क करें।

## इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड

नवरत्न कम्पनी (भारत सरकार का उपक्रम)

वेबसाईट : www.ircon.org, CIN - L45203DL1976GOI008171

### ई-प्रोक्योरमेंट नोटिस

ई-निविदा संख्या : IRCON/2070/NSL-PKG IV/25-26/E-tender/Civil & Track work दिनांक : 14.01.2026

योग्यता आवश्यकताओं को पूरा करने वाले बोलीदाताओं से "नगरनार, छत्तीसगढ़ राज्य में एनएमडीसी स्टील लिमिटेड के लिए प्रस्तावित 3 एमटीपीए इंटीग्रेटिड स्टील प्लांट हेतु प्राइवेट रेलवे साइडिंग के निर्माण के संबंध में फॉर्मेशन में मिट्टी कार्य, मौजूदा पुलों का विस्तार, ट्रैक कार्य, प्लेटफॉर्म एवं अन्य संबद्ध कार्यों सहित सिविल कार्यों का निर्माण (पैकेज-IV)" के कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य की अनुमानित लागत | रु. 34.21 करोड़ (जीएसटी सहित) |
| ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समय | 05.02.2026 को 15:00 बजे तक |

अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट https://etenders.gov.in/eprocure/app देखें। शुद्धि पत्र, यदि कोई होगा तो, केवल वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।

सहायक महाप्रबंधक / सिविल (पीएच), मकान नं. 59, अशोका लाइफस्टाईल, धरमपुरा-3, जगदलपुर-494001, जिला : बस्तर (छ.ग.)


# 'द 50' के पहले कन्फर्म कंटेस्टेंट का नाम आया सामने



**नई दिल्ली।** रिएलिटी शो 'द 50' के पहले कन्फर्म कंटेस्टेंट का नाम सामने आ गया है। टीवी एक्टर करण पटेल इस शो में हिस्सा लेने जा रहे हैं। उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर ये बात कन्फर्म की है। उन्होंने लिखा, 'एक शेर को दूसरे शेर का बुलावा आया है।..एक्साइटमेंट भी है।..और सवाल भी। 'द 50' 1 फरवरी से जियोहॉटस्टार और कलर्स टीवी पर।' 'द 50' 1 फरवरी से जियोहॉटस्टार और कलर्स टीवी पर आएगा। इस फिल्ममेकर, यूट्यूबर और कोरियोग्राफर फराह खान होस्ट करने वाली हैं। इस शो में कुल 50 सेलेब्स पार्टिसिपेट करने वाले हैं। वे 50 दिनों तक एक घर में रहेंगे और टास्क परफॉर्म करेंगे। 'बिग बॉस की तरह इस रिएलिटी शो में भी एलिमिनेशन होंगे। करण पटेल के अलावा धनश्री वर्मा, प्रतीक सहजपाल, सबा आजाद, एमीवे, ओरी, श्वेता तिवारी, अंकिता लोखंडे, कुशा कपिला, अंशुला कपूर, तान्या मित्तल, शिव ठाकरे, उर्फी जावेद, मिस्टर फैसु, निक्की तंबोली, अरबाज़ पटेल, श्रीसंत, करण पटेल, रिद्धि डोगरा, मल्लिका शेरावत, विवियन डीसेना और जय भानुशाली को भी अप्रोच किया गया है।


## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

### नागपुर मंडल में रेलवे की विभिन्न आपूर्ति के लिए ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप. मुख्य सामग्री प्रबंधक-जीएसडी, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा निम्नलिखित वस्तुओं की आपूर्ति हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है:

**निविदा क्र.:** NIT/25/DEC/31255649/12 दिनांक: 29.12.2025

**आइटम का विवरण:** साइड की दीवारों वगैरह की बाहरी सतहों पर एंटी-ग्रेफिटी कोटिंग की सप्लाई और एप्लीकेशन।

**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 4,42,20,618/-

**ईएमडी:** ₹ 8,84,410/-

**देय तिथि:** दिनांक **28.01.2026**,

**देय समय:** सुबह **10:30** बजे।

**नोट:** उपर्युक्त निविदा ई-निविदा है और सभी निविदाकर्ता अपनी बोलियाँ IREPS वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** के माध्यम से ऑनलाइन जमा करें।

निविदा सम्बंधित अधिक जानकारी के लिए, कृपया IREPS वेबसाइट पर जाएँ।

उप. मुख्य सामग्री प्रबंधक-जीएसडी, द.पू.म. रेलवे, मोतीबाग, नागपुर

MS/62-274

स्वच्छ भारत अभियान — एक कदम स्वच्छता की ओर

## न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रायपुर

### नोटिस

क्रमांक/131/ब-121/2024-25/11

रायपुर, दिनांक 05 जनवरी, 2026

प्रति,

1. श्री समीर श्रीवास्तव व.शिवकुमार 2. श्रीमती कविता झा पति समीर श्रीवास्तव निवासी म.नं. 54/989 शांतिविहार कालोनी डंगनिया जिला रायपुर

आवेदक प्राधिकृत अधिकारी बैंक आफ इंडिया शाखा तेलीबांधा जिला रायपुर की ओर से पंकज लालवानी अधिवक्ता ने आवेदन पत्र / शपथपत्र मय दस्तावेज प्रस्तुत कर, आवेदन पत्र से आपने बैंक से 54,80,000.00 रूपये का ऋण प्राप्त कर, समीर श्रीवास्तव के स्वामित्व की अचल संपत्ति बैंक के पक्ष में बंधक रखा है। आपके द्वारा ऋण की अदायगी नही की जा रही है। जिसके कारण बैंक ने आपको अधिनियम की धारा 13 के तहत नोटिस जारी किया गया कि आप ऋण की अदायगी मय ब्याज एवं अन्य शुल्क रूपया 47,30,755.00 अदा करे, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति बैंक अपने हक में प्राप्त कर लेगी कि जानकारी दी जाकर, बैंक के पक्ष में आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में बंधक रखी संपत्ति का कब्जा दिलाये जाने का निवेदन किया है।

2/ आपने प्राधिकृत अधिकारी बैंक आफ इंडिया शाखा तेलीबांधा जिला रायपुर से 54,80,000.00 रूपये का ऋण प्राप्त कर मौजा शंकर नगर प.ह.नं. 63 रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि ख.नं. 1141/83 रकबा 1500 वर्गफुट पर निर्मित मकान बैंक के पक्ष में बंधक रखा है।

3/ अतः आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में उपरोक्त बंधक रखी गई अचल संपत्ति को वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये क्यों न आधिपत्य में लेने की कार्यवाही की जावे। आप स्वयं अथवा अपने नियुक्त अभिभाषक के माध्यम से ऋण से संबंधित एवं बंधक रखी गई संपत्ति से संबंधित दस्तावेज लेकर पक्ष प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय में पेशी दिनांक 19.01.2026 को ठीक 3.00 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करे। नियत तिथि में उपस्थित नही होने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर, प्रकरण में निर्णय ले लिया जावेगा।

आज दिनांक 05 जनवरी, 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रायपुर (छ.ग.)

## // आम सूचना //

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने रामकृष्ण शाकार पिता सदनूराम शाकार जाति सोनकर निवासी पिटियाझर पो.आ. महासमुंद तहसील व जिला महासमुंद के स्वामित्व की भूमि जो रायपुर खास प.ह.नं. 46/62 रा.नि.मं. रायपुर तहसील रायपुर जिला रायपुर स्थित खाता क्रमांक 1247 में खसरा नंबर 1391/3 रकबा 0.023 हे./2500 वर्गफीट (50x50=2500 व.फू) परिवर्तित लगान 826.00 रूपया स्वामित्व में स्थित है जिसे खरीदने का सौदा कर लिया है। इकरारनामा के अनुसार शेष रकम का भुगतान कर बिक्री पत्र का निष्पादन पंजीयन सुनिश्चित हुआ है।

उपरोक्त भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति, विशेष, निकाय, बैंक, वित्तीय संस्था तथा आम जनता को किसी प्रकार का आपत्ति हो तो 10 दिन के अंदर दस्तावेज सहित उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं समय अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा।

सो सूचना जाने।

भवदीय
विपिन पवार (अधिवक्ता)
गोकुलपुर वार्ड, रूद्री रोड
धमतरी (छ.ग.)
मो. नं. 9425518018, 8319826724

## कार्यालय नगर पालिका परिषद भाटापारा जिला बलौदा बाजार-भाटापारा (छ.ग.)

TelePhone 07726-221068, Email Address - cmobhatapara@rediffmail.com

### -: द्वितीय ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-

क्र./1182 / जल.वि./ न.पा.प./ 2025-26 भाटापारा, दिनांक 13.01.2026

नगर पालिका परिषद भाटापारा द्वारा 15वें वित्त आयोग मद अंतर्गत स्वीकृत राशि से कार्य कराये जाने के लिए सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फार्मो से ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सिस्टम टेंडर क्र. | कार्य का नाम | कार्य का लागत (लाख में) | बीड डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 183415 | वाटर सप्लाई वर्क | 408.81 | 02/02/2026 |

**टीप** :- उपरोक्त निविदा से संबंधी अन्य एवं विस्तृत जानकारियां सम्बधित विभाग से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है, तथा निविदा विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद,
भाटापारा

## कार्यालय नगर पालिका परिषद बेमेतरा जिला - बेमेतरा (छ.ग.)

क्र/2029/न.पा./लो.नि.वि./ 2025-26 बेमेतरा दिनांक 14/01/2026

### ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

एतद द्वारा नगर पालिका परिषद बेमेतरा क्षेत्रान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| टेंडर क्रं. | कार्य का नाम | निविदा दर खोलने की तिथि | लागत राशि (लाख रु.) |
|---|---|---|---|
| 183833 | वार्ड क्र. 06 मोहभट्ठा मुक्तिधाम में डोम शेड निर्माण कार्य। | 09/02/2026 | 21.38 |
| 183834 | वार्ड क्र. 16 मुक्तिधाम में प्रार्थना शेड निर्माण कार्य। | 09/02/2026 | 21.38 |
| 183835 | वार्ड क्र. 08 सुंदर नगर से भरत बंजारे के घर से सत्यनारायण भुतड़ा के घर होते हुए दीनानाथ पटेल के घर तक सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य। | 09/02/2026 | 14.17 |

**टीप** :- उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल www.eproc.cgstate.gov.in पर तथा विभागीय वेबसाईड http://uad.cg.gov.in पर डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बेमेतरा

## कार्यालय नगर पालिका परिषद कुम्हारी, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

क्र./27/लो.क.वि./न.पा./ 2026 कुम्हारी, दिनांक 15/01/2026

### ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| सिस्टम टेण्डर नंबर | कार्य का विवरण | अनु. ला. (लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 183885 | नगर पालिका परिषद कुम्हारी में स्वच्छता विभाग हेतु उच्चकुशल, कुशल एवं अकुशल 81 श्रमिक आपूर्ति कार्य। | 127.71 | 06/02/2026 |

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, कुम्हारी



## खबर संक्षेप

### आरएम ड्रिप 12,000 टन क्षमता का संयंत्र लगाएगी

**नई दिल्ली।** आरएम ड्रिप एंड स्प्रिंकलर सिस्टम्स के निदेशक मंडल ने महाराष्ट्र के नासिक में 12,000 टन प्रति वर्ष की स्थापित क्षमता वाली एक नई विनिर्माण इकाई स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कंपनी ब्रह्मानंद पाइप्स प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से नासिक जिले के सिन्नर में की जाएगी।

### बजाज मोबिलिटी एजी करेगी 500 कर्मचारियों की छंटनी

**नई दिल्ली।** बजाज मोबिलिटी एजी ने केटीएम एजी में लगभग 500 कर्मचारियों की छंटनी करने की घोषणा की। यह कंपनी के 'ग्लोबल राइटसाइजिंग'' कार्यक्रम का हिस्सा है। ऑस्ट्रिया की बजाज मोबिलिटी एजी (पहले पीआईईआरईआर मोबिलिटी एजी) केटीएम ग्रुप की होल्डिंग कंपनी है। यह यूरोप की जानी-मानी मोटरसाइकिल बनाने वाली कंपनियों में से एक है।

### नवी मुंबई हवाई अड्डे से एक लाख ने की यात्रा




**मुंबई।** अदाणी समूह समर्थित नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ने वाणिज्यिक उड़ान संचालन शुरू होने के 19 दिन के भीतर एक लाख से अधिक यात्रियों को सेवाएं दी। नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (एनएमआईए) के अनुसार, 12 जनवरी तक हवाई अड्डे ने कुल 1,09,917 यात्रियों को संभाला।

### बायोकॉन ने क्यूआईपी के जरिए जुटाए 4,150 करोड़

**नई दिल्ली।** जैव-प्रौद्योगिकी कंपनी बायोकॉन ने पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) प्रक्रिया के जरिये 4,150 करोड़ रुपये जुटाए हैं। बेंगलुरु स्थित कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि इस पहल के तहत पात्र संस्थागत खरीदारों को पांच रुपये अंकित मूल्य के 1,12,664,585 शेयर 368.35 रुपये प्रति शेयर के निर्गम मूल्य पर जारी किए गए।

### फ्लिपकार्ट ने ड्यूक को किया सीईसीओ नियुक्त

**नई दिल्ली।** वॉलमार्ट के स्वामित्व वाली फ्लिपकार्ट ने जेन ड्यूक को मुख्य नैतिकता एवं अनुपालन अधिकारी (सीईसीओ) नियुक्त करने की बृहस्पतिवार को जानकारी दी। ड्यूक, वॉलमार्ट इंटरनेशनल की मुख्य नैतिकता एवं अनुपालन अधिकारी क्रिस साइरेन के अधीन और फ्लिपकार्ट ग्रुप के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कल्याण कृष्णमूर्ति के साथ मिलकर काम करेंगी।जेन ड्यूक को प्रवर्तन और कॉर्पोरेट अनुपालन के क्षेत्र में लगभग तीन दशकों का अनुभव है।

# सड़क पर गाड़ियां आपस में करेंगी बात, एक्सीडेंट से पहले ड्राइवर को करेंगी अलर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- नई टेक्नोलॉजी व्हीकल-टू व्हीकल लाने की तैयारी में

भारत में सड़क हादसों की संख्या काफी ज्यादा है। इन्हें कम करने के लिए सरकार एक नई और खास टेक्नोलॉजी लाने की तैयारी कर रही है, जिसका नाम व्हीकल-टू-व्हीकल यानी वी2वी टेक्नोलॉजी है।

इस टेक्नोलॉजी में गाड़ियां एक-दूसरे से सीधे बात कर सकेंगी। इसके लिए न इंटरनेट की जरूरत होगी और न ही मोबाइल नेटवर्क की। सरकार का मकसद है कि ड्राइवर को खतरे की जानकारी पहले ही मिल जाए, ताकि वह समय रहते सावधानी बरत सके और हादसे से बचा जा सके।

## सरकार ला रही ये गजब की तकनीक

### वी2वी सिस्टम कैसे काम करेगा?

*दरअसल, वी2वी टेक्नोलॉजी के तहत हर गाड़ी में एक छोटा सा डिवाइस लगाया जाएगा, जो दिखने में सिम कार्ड जैसा होगा। यह डिवाइस आसपास चल रही या सड़क किनारे खड़ी दूसरी गाड़ियों से लगातार सिग्नल भेजेगा और लेगा। जैसे ही दो गाड़ियां बहुत पास आती हैं या टकराने का खतरा होता है, सिस्टम तुरंत ड्राइवर को अलर्ट कर देगा। इससे ड्राइवर को पहले ही पता चल जाएगा कि आगे खतरा है और वह ब्रेक लगा सकता है।*



### हादसे रोकने में मददगार होगी टेक्नोलॉजी

ये टेक्नोलॉजी खास तौर पर उन हालात में बहुत फायदेमंद होगी, जहां अक्सर गंभीर हादसे होते हैं। जैसे सड़क किनारे खड़े वाहनों से पीछे से टकराने की घटनाएं कम होंगी। कोहरे के समय, जब सामने की गाड़ी दिखाई नहीं देती, तब भी ड्राइवर को अलर्ट मिलेगा। तेज रफ्तार ट्रैफिक में अचानक ब्रेक लगने या दूरी कम होने पर भी यह सिस्टम समय रहते चेतावनी देगा, जिससे एक्सीडेंट टल सकता है।

सरकार का टारगेट 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को 50 प्रतिशत तक कम करना है।

### नितिन गडकरी ने क्या कहा?

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि सरकार इस टेक्नोलॉजी को जल्द लागू करना चाहती है। उन्होंने कहा कि कोहरा और सड़क पर खड़े वाहन कई बड़े हादसों की वजह बनते हैं। वी2वी टेक्नोलॉजी ऐसे मामलों में ड्राइवर को पहले ही सावधान कर देगी। साथ ही बसों में भी नए सेफ्टी फीचर्स जोड़े जाएंगे, जिससे यात्रियों की सुरक्षा और मजबूत होगी।

***2026 के अंत तक लागू होगी वी2वी टेक्नोलॉजी :*** *परिवहन मंत्रालय के अनुसार यह टेक्नोलॉजी 2026 के अंत तक शुरू की जा सकती है। पहले इसे नई गाड़ियों में लगाया जाएगा और बाद में धीरे-धीरे बाकी वाहनों में भी लागू किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट पर सरकार करीब 5,000 करोड़ रुपए खर्च करेगी। हालांकि, गाड़ियों में लगने वाली ऑन-बोर्ड यूनिट (ओबीयू) की कीमत 5,000 से 7,000 रुपए के बीच होने का अनुमान है।*

### 2016 से विशिष्ट दर के बजाय 20 प्रतिशत शुल्क में बदला गया

# कच्चे तेल पर लागू ओआईडी उपकर को बजट में हटाया जाए: पेट्रोलियम उद्योग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

तेल एवं गैस उद्योग ने वित्त वर्ष 2026-27 के आम बजट में कच्चे तेल पर लगने वाले 'तेल उद्योग विकास' (ओआईडी) उपकर को समाप्त करने या इसकी समीक्षा करने की मांग करते हुए कहा है कि इसका घरेलू उत्पादन और परियोजनाओं की व्यवहार्यता पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

भारतीय पेट्रोलियम उद्योग महासंघ (एफआईपीआई) ने वित्त मंत्रालय को बजट के बारे में भेजे गए अपने सुझाव में कहा है कि ओआईडी उपकर अब पेट्रोलियम उद्योग के लिए अत्यधिक बोझ बन गया है। उसने कहा कि ऐतिहासिक रूप से यह उपकर कच्चे तेल की कीमत का केवल 8-10 प्रतिशत रहा है।


### कीमतों में तेज गिरावट के कारण लगाया गया

तेल उद्योग (विकास) अधिनियम, 1974 के तहत लगाए जाने वाले ओआईडी उपकर को वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट के बाद एक मार्च, 2016 से विशिष्ट दर के बजाय 20 प्रतिशत मूल्य-आधारित शुल्क में बदल दिया गया था।

## घरेलू उत्पादन व व्यवहार्यता पर प्रतिकूल असर पड़ रहा

**तेल उद्योग विकास (ओआईडी) को समाप्त करने की मांग**

**उपकर कच्चे तेल की कीमत का केवल 8-10 प्रतिशत रहा**



### उपकर केवल घरेलू कच्चे तेल पर

संगठन ने यह भी कहा कि ओआईडी उपकर केवल घरेलू कच्चे तेल पर लगने से स्थानीय उत्पादक आयातित तेल की तुलना में नुकसान में रहते हैं और यह 'मेक इन इंडिया' तथा 'आत्मनिर्भर भारत' के उद्देश्यों के विपरीत है। उद्योग निकाय ने इस उपकर को पूरी तरह खत्म करने की जगह कच्चे तेल की कीमत से जुड़ा चरणबद्ध उपकर लागू करने का सुझाव दिया है।

### 25 डॉलर प्रति बैरल तक शून्य उपकर

*इसके तहत 25 डॉलर प्रति बैरल तक शून्य उपकर, 25-50 डॉलर पर पांच प्रतिशत, 50-70 डॉलर पर 10 प्रतिशत और 70 डॉलर से ऊपर 20 प्रतिशत उपकर लगाने का प्रस्ताव है। इसके अलावा, एफआईपीआई ने घरेलू कच्चे तेल पर लगने वाले 'राष्ट्रीय आपदा आकस्मिक शुल्क' (एनसीसीडी) और 'बुनियादी उत्पाद शुल्क' को भी हटाने की मांग की है। संगठन का कहना है कि इन करों को हटाने से नियामकीय बोझ कम होगा और कारोबारी सुगमता को बढ़ावा मिलेगा।*

### अधिक निवेश की जरूरत

*यह उपकर केवल उन्हीं तेल ब्लॉक पर लागू होता है जिनमें खोज एवं उत्पादन का अधिकार सरकार पहले ही नामित कंपनियों को दे चुकी थी या जो 1997 से पहले की पुरानी लाइसेंसिंग नीति (प्री-एनईएलपी) के तहत आए हैं। एफआईपीआई ने कहा कि असल में ये ब्लॉक अधिकांशतः पुराने और उत्पादन में गिरावट की स्थिति वाले हैं लिहाजा इनमें उत्पादन बनाए रखने के लिए अधिक निवेश की जरूरत होती है।*

### ब्लॉकों पर यह उपकर लागू नहीं

*इसके उलट, नवीन खोज लाइसेंस नीति (एनईएलपी), मुक्त क्षेत्र लाइसेंस नीति (ओएएलपी) और खोजे गए छोटे क्षेत्र (डीएसएफ) ब्लॉकों पर यह उपकर लागू नहीं है। उद्योग निकाय ने कहा है कि मुंबई हाई और बेसिन जैसे ओएनजीसी के बड़े क्षेत्र नामित ब्लॉक हैं, जबकि वेदांता केयर्न का राजस्थान क्षेत्र एनईएलपी-पूर्व ब्लॉक है।*

# सोर्स कोड साझा करने सरकार से नहीं मिला कोई निर्देश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- आईटी हार्डवेयर निर्माताओं के संगठन एमएआईटी ने कहा
- मोबाइल फोन विनिर्माताओं को सोर्स कोड साझे करने नहीं कहा गया

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने किसी भी मोबाइल फोन विनिर्माता को अनिवार्यतः अपना सोर्स कोड साझा करने के लिए नहीं कहा है। आईटी हार्डवेयर विनिर्माताओं के संगठन एमएआईटी ने यह बात कही।

''सोर्स कोड'' मूल कंप्यूटर भाषा में लिखित निर्देश होता है जिसकी मदद से किसी सॉफ्टवेयर, मोबाइल ऐप या इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को यह बताया जाता है कि उसे क्या करना है और कैसे काम करना है। इस कोड के ही आधार पर मोबाइल फोन चलना, ऐप खुलना, भुगतान या डेटा सुरक्षा संभव होता है। हाल ही में ऐसी चर्चा सामने आई थी कि विनिर्माताओं को सुरक्षा जांच के लिए अपना सोर्स कोड परीक्षण प्रयोगशाला के साथ साझा करना पड़ सकता है। सूचना प्रौद्योगिकी विनिर्माण संघ (एमएआईटी) ने कहा, /"सरकार के 18 जून, 2025 को जारी कार्यालय ज्ञापन में यह बात साफ तौर पर कही गई है कि सोर्स कोड साझा करना अनिवार्य नहीं है। हम यह स्पष्ट करते हैं कि मंत्रालय की यह हिदायत पुरानी किसी भी व्याख्या या मसौदे के ऊपर है।/" इस संगठन में एप्पल, सैमसंग, वनप्लस, एचपी, नोकिया, लेनोवो और डिक्सन जैसी बड़ी फोन विनिर्माण कंपनियां शामिल हैं।

### स्मार्टफोन अब सभी सेवाओं में हो रहे उपयोग

मंत्रालय ने हाल में कहा कि मोबाइल सुरक्षा को लेकर उद्योग जगत के साथ नियमित बातचीत की जा रही है। मंत्रालय ने कहा कि स्मार्टफोन अब बैंकिंग, सरकारी सेवाओं और निजी जानकारी के लिए बड़े पैमाने पर इस्तेमाल हो रहे हैं, लिहाजा इनकी सुरक्षा बेहद अहम है।

## पतंजलि विश्वविद्यालय में स्मार्ट तकनीकों पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी



**हरिद्वार।** पतंजलि विश्वविद्यालय में स्वास्थ्य सेवा और प्रबंधन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से 'स्वास्थ्य सेवा और प्रबंधन में स्मार्ट तकनीकों का एकीकरण' विषय पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ। यह संगोष्ठी पतंजलि विश्वविद्यालय, आईआईटी रुड़की, अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी तथा यूनिवर्सिटी ऑफ मैरीलैंड ईस्टर्न शोर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि स्मार्ट तकनीकें, एआई और इंटरनेट ऑफ थिंग्स के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं अधिक प्रभावी और सुलभ बन सकती हैं। आईआईटी मंडी के निदेशक प्रो. लक्ष्मीधर बेहरा ने एआई के नैतिक उपयोग पर बल दिया, जबकि आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रो. कमलकिशोर पंत ने टेलीमेडिसिन और डिजिटल हेल्थ की संभावनाओं को रेखांकित किया। मुख्य अतिथि सचिन चौधरी ने भारतीय मानक ब्यूरो की भूमिका बताते हुए गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों के महत्व पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी में शोध, नवाचार, एग्रीटेक और साक्ष्य-आधारित स्वास्थ्य मॉडल पर गहन चर्चा हुई, जिसमें विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों और विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही।

## किसानों के भरोसे से बनी वैश्विक पहचान सोनालीका ट्रैक्टर्स के हुए 30 साल पूरे



**नई दिल्ली।** भारतीय कृषि मशीनीकरण की दुनिया में सोनालीका ट्रैक्टर्स ने 'जीतने का दम' के साथ अपने 30 वर्ष पूरे कर लिए हैं। पंजाब के होशियारपुर जैसे छोटे शहर से शुरू हुई यह यात्रा आज 1.1 अरब डॉलर की वैश्विक पहचान रखने वाली ट्रैक्टर कंपनी बन चुकी है। यह सफलता दूरदृष्टि, साहस और किसान-प्रथम सोच की मिसाल है। एलआईसी से सेवानिवृत्त एल.डी. मित्तल ने अपने बेटों डॉ. ए.एस. मित्तल और डॉ. दीपक मित्तल के साथ मिलकर सोनालीका की नींव रखी। उनका विश्वास था कि भारतीय किसानों को उनकी ज़रूरतों के अनुरूप ताक़तवर, भरोसेमंद और किफायती तकनीक मिलनी चाहिए। इसी सोच ने सोनालीका को भारत का तीसरा सबसे बड़ा ट्रैक्टर निर्माता, ट्रैक्टर निर्यात में नंबर 1 ब्रांड और वैश्विक स्तर पर पांचवां सबसे बड़ा ट्रैक्टर ब्रांड बनाया। आज सोनालीका 150 से अधिक देशों में मौजूद है और हर तीसरा निर्यातित भारतीय ट्रैक्टर उसी के होशियारपुर प्लांट से बनता है। पारदर्शिता, इनोवेशन और किसान-केंद्रित मूल्यों के साथ सोनालीका आने वाले वर्षों में भी भारतीय कृषि को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## एनटीपीसी रिन्यूएबल की भाडला से आपूर्ति शुरू...



**नई दिल्ली।** एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी ने राजस्थान में अपनी 500 मेगावाट की भाडला सौर परियोजना से 13 जनवरी से 300 मेगावाट बिजली की वाणिज्यिक आपूर्ति शुरू कर दी। एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी, सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी की अनुषंगी की अनुषंगी कंपनी है। एनटीपीसी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि इसके साथ ही एनटीपीसी समूह की कुल स्थापित एवं व्यावसायिक क्षमता क्रमशः 87,287 मेगावाट और 86,207 मेगावाट हो गई। इसमें कहा गया कि एनटीपीसी ने राजस्थान में स्थित 500 मेगावाट की भाडला सोलर पीवी परियोजना के पहले हिस्से की 300 मेगावाट क्षमता के लिए वाणिज्यिक संचालन तिथि (सीओडी) की घोषणा के बारे में शेयर बाजार को जानकारी दी है।

## दोपहिया हादसों में 2019-23 के दौरान 3.3 लाख से अधिक लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


- केंद्र सरकार सड़कों को सुरक्षित बनाने के लिए काम कर रही
- विभिन्न सड़क हादसों में 7.78 लाख लोगों की मौत हुई

देश में 2019-2023 के दौरान हुए विभिन्न सड़क हादसों में हुई कुल 7.78 लाख लोगों की मौत हुई। इनमें से लगभग 3.35 लाख लोगों की मौत दोपहिया वाहनों से जुड़ी थीं। केंद्र सरकार द्वारा जारी आंकड़ों में यह बात सामने आई।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि केंद्र सरकार सड़कों को सुरक्षित बनाने के लिए काम कर रही है। भारत के शहरों और गांवों की जीवन रेखा माने जाने वाले दोपहिया वाहनों की बढ़ती संख्या के साथ ही, इनसे जुड़ी दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों का उच्च आंकड़ा वाहन चालकों और यात्रियों के लिए बड़ा संकट बन गया है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, साल 2023 में सड़क दुर्घटनाओं में हुई कुल मौतों में 45 प्रतिशत यानी 77,539 मौतें दोपहिया सवारों की थीं।

## दिसंबर महीने में देश का निर्यात 1.87 फीसदी बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- व्यापार घाटे में मामूली बढ़ोतरी
- व्यापार घाटा बढ़कर 25 अरब डॉलर हुआ

वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच देश का निर्यात दिसंबर 2025 में 1.87 प्रतिशत बढ़कर 38.5 अरब डॉलर हो गया लेकिन आयात में तेज वृद्धि के कारण व्यापार घाटा मामूली रूप से बढ़कर 25 अरब डॉलर हो गया। बृहस्पतिवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

दिसंबर महीने में देश का आयात 8.7 प्रतिशत बढ़कर 63.55 अरब डॉलर रहा। इसके साथ ही आयात और निर्यात का अंतर यानी व्यापार घाटा मामूली रूप से बढ़कर 25.04 अरब डॉलर हो गया। यह नवंबर 2025 में 24.53 अरब डॉलर जबकि दिसंबर 2024 में 22 अरब डॉलर था। इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-दिसंबर अवधि में देश का कुल वस्तु निर्यात 2.44 प्रतिशत बढ़कर 330.29 अरब डॉलर हो गया। इस दौरान कुल आयात 5.9 प्रतिशत बढ़कर 578.61 अरब डॉलर हो गया।

### इंजीनियरिंग उत्पाद का निर्यात जारी रहा

*पिछले महीने निर्यात में तेजी की अगुवाई इंजीनियरिंग उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक्स, समुद्री उत्पाद और दवा जैसे क्षेत्रों ने की। इसके साथ अमेरिका, चीन और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को भारत का निर्यात स्थिर गति से बढ़ रहा है।*

## लार्सन एंड टुब्रो के तिमाही लाभ में छह फीसदी की गिरावट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लार्सन एंड टुब्रो (एल एंड टी) टेक्नोलॉजी सर्विसेज का एकीकृत शुद्ध मुनाफा चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 6.14 प्रतिशत घटकर 302.6 करोड़ रुपये रहा। यह नए श्रम संहिता को लागू करने से जुड़े 35.4 करोड़ रुपये के प्रावधान की वजह से हुआ। कंपनी ने गुरुवार को बयान में कहा कि इससे पूर्व वित्त वर्ष 2024-25 की इसी तिमाही में कंपनी ने 322.4 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा (कंपनी के इक्विटी शेयरधारकों के कारण) कमाया था।

कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, ''समूह ने 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और नौ महीनों के मुनाफा और हानि के एकीकृत विवरण में अपवादस्वरूप सामग्री के तौर पर 35.4 करोड़ रुपये के अनुमानित प्रभाव का आकलन कर उसका प्रावधान किया है।

## अविनाश ट्विन सिटी फेज-2 का भव्य लांच 17-18 जनवरी को

**रायपुर।** रायपुर के तेजी से विकसित होते ग्रेटर रायपुर क्षेत्र में स्थित अविनाश ट्विन सिटी अपने बहुप्रतीक्षित फेज-2 एक्सटेंशन के लॉन्च के साथ एक बार फिर सुर्खियों में है। 17 एवं 18 जनवरी को प्रस्तावित इस लांच में 500 से अधिक नए रेजिडेंशियल प्लॉट्स प्रस्तुत किए जाएंगे।

लगभग 250 एकड़ में विकसित की जा रही यह मेगा टाउनशिप सुव्यवस्थित प्लानिंग और आधुनिक जीवनशैली का उत्कृष्ट उदाहरण मानी जा रही है। एनएच–53 पर कुम्हारी टोल प्लाजा के समीप स्थित होने के कारण इस प्रोजेक्ट को बेहतरीन रोड कनेक्टिविटी का लाभ प्राप्त है। साथ ही भविष्य के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास और क्षेत्र में तेजी से बढ़ती रियल एस्टेट वैल्यू इसे निवेशकों एवं गृह खरीदारों दोनों के लिए आकर्षक विकल्प बनाती है। अविनाश ट्विन सिटी को अब तक 1000 से अधिक परिवारों का भरोसा मिल चुका है, जिन्होंने यहां बुकिंग कर परियोजना की गुणवत्ता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर अपनी मुहर लगाई है। यह प्रोजेक्ट रेरा अप्रूव्ड है और इसे छत्तीसगढ़ के प्रतिष्ठित अविनाश ग्रुप द्वारा विकसित किया जा रहा है। परियोजना में चौड़ी सड़कें, ग्रीन ज़ोन, सुव्यवस्थित ड्रेनेज सिस्टम और भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार की गई आधुनिक सुविधाएं शामिल हैं, जो इसे एक आदर्श रेजिडेंशियल टाउनशिप बनाती हैं। अविनाश ट्विन सिटी फेज़–2 एक्सटेंशन आज के निवेश को कल की सुरक्षित, मूल्यवान और लाभकारी संपत्ति में बदलने का सुनहरा अवसर प्रदान करता है, जिससे यह प्रोजेक्ट रायपुर रियल एस्टेट मार्केट में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में उभर रहा है।

### चीन को मिली यह राहत, खुलासा व्हाइट हाउस के फैक्ट शीट से

# ट्रंप ने दिया एक और झटका, एआई चिप पर 25% का टैरिफ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एनवीडिया की एच200 एआई प्रोसेसर और एएमडी की एमआई325एक्स चिप समेत कुछ एडवांस्ड कंप्यूटिंग चिप पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने 25 फीसदी का टैरिफ लगा दिया है। इसका खुलासा व्हाइट हाउस की एक फैक्ट शीट से हुआ है। इसका लक्ष्य विदेशी चिप मैन्युफैक्चरिंग पर अमेरिका की निर्भरता कम करना और अमेरिका में इसके उत्पादन को बढ़ाना देना है।

अभी अधिकतर एडवांस्ड चिप्स अमेरिकी के बाहर बन रही हैं और अमेरिकी अपनी जरूरत का सिर्फ 10 प्रतिशत चिप ही पूरी तरह से अपने यहां बना रहा है। सरकार के मुताबिक इस फैसले की एक और अहम वजह नेशनल सिक्योरिटी है। हालांकि एनवीडिया को चीन में कुछ चुनिंदा चिप्स की बिक्री फिर से शुरू करने की मंजूरी मिली है, जिन्हें पहले रोक दिया गया था।

## उद्देश्य विदेशी चिप निर्माताओं पर अमेरिकी निर्भरता कम करना

### चीन को निर्यात करने से पहले यह शर्त करनी होगी पूरी

ट्रंप सरकार ने एच200 और एमआई325एक्स जैसी चिप्स के निर्यात को मंजूरी तो दी है लेकिन यह भी कहा कि हर मामले को अलग-अलग रिव्यू किया जाएगा। ट्रंप प्रशासन का कहना है कि कंपनियों को यह दिखाना होगा कि ऐसी बिक्री से अमेरिकी ग्राहकों को नुकसान नहीं होगा और चीनी खरीदारों ने सरकारी सुरक्षा जांच पास कर ली है। एनवीडिया ने सरकार के इस फैसले का स्वागत किया है। चिप कंपनी का कहना है कि पहले जो पूर्ण प्रतिबंध लगा था, उससे अनजाने में ही सही, उन विदेशी कॉम्पटीटर्स को ही बढ़ावा मिल रहा था जो अमेरिका की एंटिटी लिस्ट में हैं।



***सिर्फ इन चिप पर लागू है 25 फीसदी टैरिफ :*** *ट्रंप सरकार ने सिर्फ कुछ खास हाई-एंड चिप्स पर ही 25 प्रतिशत का टैरिफ लगाया है, विदेश में बने सभी चिप्स पर नहीं। हालांकि अमेरिकी सरकार ने यह भी चेतावनी दी है कि घरेलू निर्माताओं को बढ़ावा देने के लिए इसका दायरा आने वाले समय में बढ़ाया जा सकता है और चिप और उनसे जुड़े प्रोडक्ट्स पर टैरिफ लगाए जा सकते हैं। ट्रंप बार-बार चिप को लेकर सख्ती दिखा चुके हैं। पिछले साल उन्होंने उन कंपनियों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने का विचार पेश किया था, जो अपना प्रोडक्शन अमेरिका नहीं ला पाती हैं।*

### टैरिफ में ये हैं शामिल और ये नहीं

ट्रंप सरकार ने जिन एडवांस्ड चिप में 25 प्रतिशत का टैरिफ लगाया है, उसमें एनवीडिया की एच200 है जो ताइवान में बनती है और एएमडी की एमआई325एक्स। ये वो चिप हैं, जिसे लेकर एनवीडिया की योजना चीन में बिक्री की है। हालांकि व्हाइट हाउस का कहना है कि अमेरिकी डेटा सेंटर, स्टार्टअप्स, नॉन-डेटा-सेंटर कंज्यूमर एप्लीकेशंस, सिविल इंडस्ट्रियल यूजेज और यूएस पब्लिक सेक्टर एप्लीकेशंस के लिए आयात किए गए चिप्स पर यह नहीं लागू होगा। ट्रंप प्रशासन का यह भी कहना है कि जिस आयात से अमेरिकी टेक सप्लाई चेन को सहारा मिलता या अमेरिका में चिप मैन्युफैक्चरिंग को मजबूती मिलती है, उसे भी छूट दी जाएगी।

# बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने नजमुल को अहम पद से हटाया, बीपीएल के दो मैच स्थगित

एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को अपने वित्त समिति के अध्यक्ष नजमुल इस्लाम को पद से हटाने के लिए बाध्य होना पड़ा क्योंकि राष्ट्रीय टीम के सीनियर खिलाड़ियों ने उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां करने के लिए इस अधिकारी के खिलाफ विद्रोह कर दिया था। बीसीबी के अहम पद से नजमुल को हटाए जाने के बावजूद बृहस्पतिवार को होने वाले बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) के दो मैच स्थगित कर दिए गए। बीपीएल में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ी बीसीबी निदेशक के पद से नजमुल को तुरंत हटाने की अपनी मांग पर एकजुट थे। अगली सूचना तक बीसीबी अध्यक्ष ही वित्त समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालेंगे। यह साफ नहीं है कि नजमुल बीसीबी के निदेशक बने रहेंगे या नहीं।

### नजमुल ने क्या कहा था?

यह विवाद नजमुल के उस बयान के बाद भड़का, जिसमें उन्होंने टी-20 विश्व कप 2026 में बांग्लादेश की भागीदारी को लेकर अनिश्चितता पर टिप्पणी की थी। उन्होंने कथित तौर पर कहा था कि अगर खिलाड़ी नहीं खेलते हैं तो आर्थिक नुकसान सिर्फ उन्हें ही होगा और बोर्ड इसकी भरपाई नहीं करेगा। इस बयान को मोहम्मद मिथुन ने पूरी तरह अस्वीकार्य बताया और कहा कि इससे खिलाड़ियों की भावनाएं गहराई से आहत हुई हैं।



### तमीम को नजमुल ने बताया भारतीय एजेंट

नजमुल के ये बयान टी-20 विश्व कप के आयोजन स्थल को लेकर भी आए थे। भारत-बांग्लादेश के बीच चल रहे गतिरोध में उनके बयान ने विवाद को और हवा दे दी थी। उन्होंने बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल को भारतीय एजेंट कह दिया था। तमीम ने बोर्ड से अपील की थी कि भारत में होने वाले विश्व कप में बांग्लादेश की भागीदारी पर फैसला लेते समय भावनाओं की बजाय समझदारी से निर्णय लिया जाए।

### मैदान पर नहीं पहुंची दोनों टीमें

विवाद का असर सीधे मैदान पर दिखा। बांग्लादेश प्रीमियर लीग में नोआखली एक्सप्रेस और चटगांव रॉयल्स के बीच होने वाले मैच में टॉस तक नहीं हो पाया। वजह यह थी कि दोनों टीमें मैदान पर ही नहीं आईं। खिलाड़ियों ने साफ शब्दों में कहा था कि जब तक नजमुल इस्लाम इस्तीफा नहीं देते, वे किसी भी तरह का क्रिकेट नहीं खेलेंगे। खिलाड़ियों के इस कड़े रुख के बाद बीसीबी के पास नजमुल को हटाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा।

### खिलाड़ियों के लिए बीसीबी का संदेश

बीसीबी ने यह भी साफ किया कि क्रिकेटरों के हित उसकी सबसे बड़ी प्राथमिकता हैं। बोर्ड ने कहा कि वह खिलाड़ियों के सम्मान और गरिमा की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। साथ ही, बीसीबी ने उम्मीद जताई कि खिलाड़ी इस मुश्किल दौर में भी पेशेवर रवैया अपनाएंगे और बांग्लादेश क्रिकेट की भलाई के लिए खेलना जारी रखेंगे, खासकर बांग्लादेश प्रीमियर लीग में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

## टी20 वर्ल्ड कप : कनाडाई टीम की कमान संभालेगा महज 22 साल का खिलाड़ी

कनाडा ने भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। टीम अपने पहले वर्ल्ड कप अनुभव से सीख लेते हुए इस बार बड़ा प्रभाव छोड़ने की कोशिश करेगी। कनाडा ने 22 साल के दिलप्रीत बाजवा को अपनी टीम का कप्तान नियुक्त किया है। दिलप्रीत ने कनाडा के लिए 17 टी20 मैच खेले हैं और 28.35 के औसत से 397 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 133 से ज्यादा का रहा है। उन्होंने अब तक 4 अर्धशतक लगाने का कारनामा किया है। बल्लेबाजी विभाग में कनाडा के पास आक्रामक बल्लेबाज निकोलस किर्टन मौजूद हैं। उनके साथ लेफ्ट हैंड बल्लेबाज युवराज समरा टीम को मजबूती देंगे, जिनका स्ट्राइक रेट 160.72 है।



### कनाडा का स्क्वॉड

दिलप्रीत बाजवा (कप्तान), अजयवीर हुंदल, अंश पटेल, डिलन हाइलिगर, हर्ष ठाकर, जसकरनदीप बुट्टर, कलीम सना, कंवरपाल तथगुर, नवनीत धालीवाल, निकोलस किर्टन, रविंदरपाल सिंह, साद बिन जफर, शिवम शर्मा, श्रेयस मूव्वा, युवराज समरा।

---

## खबर संक्षेप



### स्टीफंस ने किया ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए क्वालीफाई

**मेलबर्न।** स्लोएन स्टीफंस ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए क्वालीफाई कर लिया है जो एक साल पहले मेलबर्न पार्क में शीर्ष रैंक वाली एरिना सबालेंका से पहले दौर में हारने के बाद उनका पहला ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट है। अमेरिकी ओपन 2017 चैंपियन स्लोएन ने बाएं पैर की चोट से उबरने के बाद सत्र की पहली ग्रैंडस्लैम प्रतियोगिता के क्वालीफाइंग दौर में 1,097वीं रैंकिंग के साथ प्रवेश किया था। उन्होंने मेलबर्न पार्क में क्वालीफाइंग में लगातार तीन जीत हासिल की और बृहस्पतिवार को तीसरे दौर में इटली की लूसिया ब्रोंजेटी को 6-1, 7-5 से हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह पक्की की। इस 32 साल की अमेरिकी खिलाड़ी ने करियर की सर्वश्रेष्ठ तीसरी रैंकिंग हासिल की थी।

### अभी सारा ध्यान न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला पर: डोएशे

**राजकोट।** भारत के सहायक कोच रेयान टेन डोएशे का कहना है कि अगले महीने होने वाला टी20 विश्व कप अभी 'काफी दूर' है और टीम का ध्यान फिलहाल न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही एकदिवसीय श्रृंखला पर है जो मेहमान टीम के यहां दूसरा मैच जीतने के बाद 1-1 से बराबर है। गत चैंपियन भारत सात फरवरी से शुरू होने वाले 20 टीम के टी20 विश्व कप की सह मेजबानी करेगा। वे न्यूजीलैंड के साथ एक कड़ी एकदिवसीय श्रृंखला खेल रहे हैं जिसका निर्णायक मैच रविवार को इंदौर में होना है।



### महाराष्ट्र और रेलवे ने खो-खो के राष्ट्रीय खिताब जीते

**काजिपेट (तेलंगाना)।** गत चैंपियन रेलवे खेल संबर्धन बोर्ड (आरएसपीबी) और महाराष्ट्र ने बृहस्पतिवार को यहां 58वीं सीनियर राष्ट्रीय खो-खो चैंपियनशिप में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग के खिताब जीते। रेलवे की पुरुष टीम ने लगातार दूसरी जबकि महाराष्ट्र की महिला टीम ने लगातार पांचवीं बार खिताब जीता। महिला वर्ग में महाराष्ट्र ने बेहद कड़े मुकाबले में ओडिशा को 23-22 से हराया जबकि पुरुष वर्ग में रेलवे ने फाइनल में महाराष्ट्र को 26-21 से शिकस्त दी।

### ग्रैंड टूर रोड रेस साइकिलिंग 19 से, धोनी होंगे दूत



**पुणे।** भारत के पूर्व क्रिकेट कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को बजाज पुणे ग्रैंड टूर का दूत बनाया गया जो देश में पहली बार होने वाली यूसीआई 2.2 वर्ग की 'मल्टी-स्टेज' रोड रेस साइकिलिंग प्रतियोगिता है। यह प्रतियोगिता 19 से 23 जनवरी तक यहां आयोजित की जाएगी जिसमें 35 देशों की 29 टीम के 171 राइडर हिस्सा ले रहे हैं।

---

### पहले वनडे में गेंदबाजी के दौरान लगी थी चोट

# न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज से बाहर हुए वाशिंगटन, विश्व कप में खेलना मुश्किल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ जारी वनडे सीरीज के दौरान चोटिल हुए वाशिंगटन सुंदर अब टी-20 सीरीज से भी बाहर हो गए हैं। भारतीय ऑलराउंडर को बाएं निचले पसली हिस्से में साइड स्ट्रेन की समस्या हुई है। यह चोट उन्हें पहले वनडे में गेंदबाजी के दौरान लगी थी, जिसके बाद उन्हें वनडे सीरीज से भी बाहर कर दिया गया। अब 5 मैचों की टी-20 सीरीज में भी सुंदर टीम का हिस्सा नहीं होंगे।

### बीसीसीआई अधिकारी ने दी जानकारी

मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, सुंदर 21 जनवरी से शुरू हो रही टी-20 सीरीज तक फिट नहीं हो सकते हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के एक अधिकारी ने पुष्टि की है कि साइड स्ट्रेन के चलते उनको न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर कर दिया गया है। वनडे सीरीज के लिए आयुष बडोनी सुंदर की जगह टीम में आए हैं। सुंदर की चोट ने टी-20 विश्व कप में उनकी उपलब्धता पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

### चोट के बावजूद बल्लेबाजी करने आए थे सुंदर

पहले वनडे में चोट के बावजूद सुंदर बल्लेबाजी के लिए मैदान पर उतरे थे और केएल राहुल के साथ मिलकर भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। मैच के बाद राहुल ने खुलासा किया था कि उन्हें इस बात की जानकारी ही नहीं थी कि सुंदर ठीक से दौड़ नहीं पा रहे हैं। इसके बावजूद सुंदर ने जिम्मेदारी के साथ बल्लेबाजी की और मैच जिताऊ साझेदारी निभाकर टीम को मुश्किल हालात से बाहर निकाला।



### ऐसा रहा है सुंदर का टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर

सुंदर ने अपना पहला टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाफ साल 2017 में खेला था। उन्होंने अब तक 58 मुकाबले खेले हैं और इसकी 54 पारियों में 22.76 की औसत से 51 विकेट चटकाए हैं। उन्होंने 6.91 की इकॉनमी रेट से गेंदबाजी की है। इस खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 3/3 का रहा है। बल्लेबाजी में इस खिलाड़ी ने 134.39 की स्ट्राइक रेट से 254 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 50 रन रहा है।

### सुंदर के बिना विश्व कप में बढ़ेगी परेशानी

अगर सुंदर टी-20 विश्व कप 2026 की टीम से बाहर होते हैं तो यह भारतीय टीम के लिए बड़ा झटका होगा। सुंदर पावरप्ले और मिडिल ओवर्स में किफायती गेंदबाजी के साथ उपयोगी बल्लेबाजी का विकल्प देते हैं। उनकी गैरमौजूदगी से टीम का ऑलराउंड संतुलन बिगड़ सकता है, खासकर स्पिन विभाग में गहराई कम होगी। इसके अलावा, निचले क्रम में रन बनाने और मैच हालात के अनुसार खुद को ढालने वाला अहम विकल्प टीम को खोना पड़ सकता है।

## विश्व कप से पहले पाकिस्तान में टी-20 सीरीज खेलेगी ऑस्ट्रेलिया



**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3 मैचों की टी-20 सीरीज की घोषणा की है। इस सीरीज के तीनों मैच लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में 29, 31 जनवरी और 1 फरवरी को खेले जाएंगे। आगामी टी-20 विश्व कप की शुरुआत 7 फरवरी से होनी है और इसकी तैयारियों को ध्यान में रखते दोनों टीमें इस सीरीज में हिस्सा लेंगी।

**पीसीबी ने की आधिकारिक घोषणा**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सीईओ सुमैर अहमद सैयद ने इस सीरीज को पाकिस्तान के क्रिकेट प्रशंसको के लिए एक बड़ा आयोजन बताया। उन्होंने कहा, हम लाहौर में 3 मैचों की टी-20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी करने का इंतजार कर रहे हैं। यह दौरा पाकिस्तान क्रिकेट प्रशंसको के लिए साल की एक शानदार शुरुआत होगी और मैं उनसे अपील करता हूं कि वे सीरीज के दौरान बड़ी संख्या में आकर दोनों टीमों को समर्थन करें।

**चोटिल खिलाड़ियों से जूझ रही हैं दोनों टीमें**

पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज ऑस्ट्रेलिया की टी-20 विश्व कप के लिए अपनी टीम को अंतिम रूप देने का मौका देगी। मेहमान टीम के 28 जनवरी को लाहौर पहुंचने की उम्मीद है। ये दोनों टीमें चोट की चिंताओं से जूझ रही हैं। जहां ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड, पैट कमिंस और टिम डेविड के खेलने पर अस्पष्टता है।

### अंडर-19 विश्व कप

## भारत ने अमेरिका को हराया, सस्ते में निपटे वैभव ने बनाया रिकॉर्ड



एजेंसी ▶▶| बुलवायो

अंडर-19 विश्व कप 2026 के पहले मुकाबले में भारतीय क्रिकेट टीम ने यूएसए क्रिकेट टीम को 6 विकेट से हराते हुए सकारात्मक शुरुआत की। बुलवायो में खेले गए मैच में अमेरिकी टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 35.2 ओवर में सिर्फ 107 रन पर ही सिमट गई। भारत से हेनिल पटेल ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लिए।

जवाब में छोटे से लक्ष्य को भारत ने 17.2 ओवर में हासिल किया। वैभव सूर्यवंशी ने अपना पहला अंडर 19 विश्व कप भी खेल लिया है। वे इस मैच में बहुत रन तो नहीं बना सके, लेकिन इसके बाद भी उन्होंने इतिहास रच दिया है।

### इस तरह से जीती भारतीय टीम

पटेल की गेंदबाजी के सामने अमेरिका का बल्लेबाजी क्रम लड़खड़ा गया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी अमेरिकी टीम से नितीश सुदिनी ने सर्वाधिक 36 रन बनाए। उनके अलावा अदनित झांब ने 18 रन का योगदान दिया। जवाब में भारत ने जब 21 रन पर एक विकेट गंवा दिया था, तब बारिश के खलल बाद डीएलएस नियम की बदौलत 37 ओवरों में 96 रन का नया लक्ष्य मिला। भारत से अभिज्ञान कुंडू (42*) ने जीत में अहम भूमिका निभाई।

### गेंदबाज हेनिल पटेल ने चटकाए 5 विकेट

हेनिल ने 16 रन देते हुए 5 विकेट लिए। वह अब अंडर-19 विश्व कप के इतिहास में भारत से तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले गेंदबाज बने। बता दें कि इस टूर्नामेंट में भारत से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का रिकॉर्ड कमल पासी के नाम पर दर्ज है। उन्होंने 2012 में जिम्बाब्वे के खिलाफ 23 रन देते हुए 6 विकेट लिए थे। पासी के बाद दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अनुकूल रॉय ने (पापुआ एंड न्यूगिनी के खिलाफ 5/14) 2018 के संस्करण में किया है।

### वैभव के नाम पर दर्ज हुआ यह रिकॉर्ड

वैभव सूर्यवंशी भले ही दो रन बना सके हों, लेकिन उन्होंने जो इतिहास रचा है, वो आने वाले कई साल तक याद रखा जाएगा। वैभव सूर्यवंशी सबसे कम उम्र में आईसीसी अंडर 19 विश्व कप खेलने वाले दुनिया के अकेले और पहले खिलाड़ी बन गए हैं। जब वैभव ये मैच खेलने के लिए उतरे उस दिन 14 साल और 294 दिन के हैं। 14 तो छोड़ दीजिए, दूसरे किसी खिलाड़ी ने 15 साल की उम्र में भी विश्व कप नहीं खेला है।

## नीरज ट्रेनिंग के लिए पोटचेफस्ट्रम रवाना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भारतीय भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने अपने चुने हुए स्थल दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में सत्र पूर्व ट्रेनिंग शुरू कर दी है। खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल ने नए कोच जय चौधरी के साथ उनके 32 दिवसीय शिविर को मंजूरी दे दी है। नीरज ने पिछले हफ्ते चेक गणराज्य के दिग्गज जान जेलेजनी से कोच के तौर पर अलग होने का फैसला किया और चौधरी के साथ जुड़ने का फैसला किया जो उनके शुरुआती कोच थे। ज्ञात हो कि कोर समूह के खिलाड़ियों की संख्या अभी 118 है जिसमें 57 सामान्य और 61 पैरा खिलाड़ी शामिल हैं।




### पांच फरवरी तक रहेंगे ट्रेनिंग स्थल पर

भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के एक सूत्र ने बताया कि यह 28 वर्षीय खिलाड़ी पांच फरवरी तक पोटचेफस्ट्रूम में रहेगा जो दुनिया भर के भाला फेंक के खिलाड़ियों के लिए एक प्रमुख ट्रेनिंग स्थल है और उनके लिए कुल स्वीकृत सहायता राशि 11 लाख 80 हजार रुपये है। ट्रेनिंग शिविर में नीरज की सहयोगी टीम में लंबे समय से उनके फिजियोथेरेपिस्ट इशान मारवाहा भी शामिल हैं।

## विमेंस प्रीमियर लीग : यूपी वारियर्स ने एमआई को हराकर दर्ज की पहली जीत, हरलीन का अर्धशतक

एजेंसी ▶▶| नवी मुंबई

विमेंस प्रीमियर लीग 2026 के 8वें मैच में यूपी वारियर्स ने मुंबई इंडियंस को 7 विकेट से हराते हुए अपनी पहली जीत दर्ज की। नवी मुंबई में खेले गए मैच में एमआई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर के बाद 161/5 का स्कोर बनाया, जिसमें नैट साइवर-ब्रंट का अर्धशतक (65) शामिल रहा। जवाब में यूपी वारियर्स ने 18.1 ओवर में लक्ष्य हासिल किया।

### इस तरह से रोचक रहा मुकाबला

एमआई को जी कमलिनी (5) के जल्दी आउट होने के बाद साइवर-ब्रंट और अमनजोत कौर (38) ने उम्दा पारियां खेलीं। मध्यक्रम में बल्लेबाजी के लिए आई



निकोलस कैरी ने 20 गेंदों में 5 चौकों की मदद से नाबाद 32 रन बनाते हुए टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। यूपी वारियर्स ने 45 रन तक अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिए। इसके बाद लिचफील्ड (25 ), क्लो ट्रायन (27*) और हरलीन देओल (64*) की बदौलत यूपी वारियर्स ने जीत दर्ज की।

### ऑस्ट्रेलियन ओपन

## कोको और वीनस भिड़ सकती हैं दूसरे दौर में

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

कोको गॉफ और वीनस विलियम्स रविवार से शुरु हो रहे टेनिस ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में आमने सामने हो सकती हैं और यह मुकाबला फिर इतिहास में दर्ज हो सकता है।

पंद्रह साल की गॉफ ने जब ग्रैंड स्लैम में पदार्पण किया था तो उन्होंने विंबलडन में सात बार की मेजर विजेता वीनस को हरा दिया था। गॉफ ने 2019 में ऑल इंग्लैंड क्लब में उस जीत के बाद वीनस को अपने करियर के लिए बड़ी प्रेरणा बनने के लिए धन्यवाद दिया था और कहा था, 'अगर वह नहीं होतीं तो मैं यहां नहीं होती'। इसके बाद गॉफ ने 2020 में ऑस्ट्रेलियन ओपन में



पहले दौर में जीत हासिल की। अब वह तीसरी वरीय और दो बार की मेजर विजेता हैं। वहीं 45 साल की वीनस को ऑस्ट्रेलियन ओपन के लिए वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिला और वह पांच साल बाद इसमें खेल रही हैं।

### रोमांचक मैचों में हासिल किए सबसे बड़े लक्ष्य

# भारत के कई बड़े स्कोर को न्यूजीलैंड ने सफलतापूर्वक किया ध्वस्त

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने दूसरे वनडे में भारतीय क्रिकेट टीम को 7 विकेट से मात दी। इस जीत के साथ ही कीवी टीम ने 3 मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी हासिल की। राजकोट में खेले गए इस मैच में न्यूजीलैंड ने जीत के लिए मिले 285 रन के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल किया। इस बीच भारत के खिलाफ वनडे में न्यूजीलैंड द्वारा सफलतापूर्वक हासिल किए गए सबसे बड़े लक्ष्यों के बारे में जानते हैं।

### 2020 में हैमिल्टन का मुकाबला

भारत को 2020 में हैमिल्टन में खेले गए सीरीज के पहले वनडे में न्यूजीलैंड के खिलाफ 4 विकेट से हार मिली थी। उस मैच में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवरों के बाद 347/4 का स्कोर बनाया था। मेहमान टीम से श्रेयस अय्यर ने शतक (103) लगाया था। जवाब में मेजबान टीम ने 48.1 ओवर में लक्ष्य हासिल किया था, जिसमें रॉस टेलर का शतक (109*) शामिल था।



### 2022 में ऑकलैंड मैच

न्यूजीलैंड ने 2022 में ऑकलैंड वनडे में जीत के लिए मिले 307 रन के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल किया था। उस मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट के नुकसान पर 306 रन बनाए थे। मेहमान टीम से अय्यर (80), शिखर धवन (72) और शुभमन गिल (72) ने अर्धशतक लगाए थे। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए मेजबान टीम से टॉम लैथम ने 104 गेंदों में नाबाद 145 रन बनाए थे।

### 2020 में माउंट माउंगानुई मैच

2020 में माउंट माउंगानुई में हुए वनडे में न्यूजीलैंड ने भारत को 5 विकेट से हराया था। उस मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 296/7 का स्कोर बनाया था। भारत से केएल राहुल ने 113 गेंदों में 112 रन बनाए थे। अपनी शतकीय पारी में उन्होंने 9 चौके और 2 छक्के लगाए थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए मार्टिन गुप्टिल (66) और हेनरी निकोलस (80) ने अर्धशतक लगाए थे।

### 2026 में राजकोट मैच

राजकोट वनडे में शुभमन गिल ने अर्धशतक (54) लगाया। वहीं, रोहित शर्मा (24) और विराट कोहली (23) अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल सके। मध्यक्रम में केएल राहुल (112*) ने शतक लगाकर टीम को 284/7 के स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में न्यूजीलैंड से निकोलस (10) और डेवोन कॉनवे (16) सस्ते में आउट हुए। इसके बाद यंग (87) और डेरिल मिचेल (131*) ने बड़ी पारियां खेलते हुए जीत में अहम योगदान दिया। ग्लेन फिलिप्स ने नाबाद 32 रन बनाए।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**
**जोन आयुक्त कार्यालय जोन क्रमांक- 8, मोहबा बाजार रायपुर**

क्रमांक 55/न.पा.नि./जोन क्र.-08/2026 रायपुर, दिनांक 14/01/2026

**// रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्थापना हेतु रूचि की अभिव्यक्ति //**

नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्रमांक-08 क्षेत्रांतर्गत विभिन्न आवासीय भवनों/व्यवसायिक परिसरों/ औद्योगिक उपक्रमों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग हेतु अनुमोदित डिजाईन, ड्राईंग एवं स्वीकृत दर अनुसार निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत अशासकीय संगठनों (एन.जी.ओ.) स्व-सहायता समूह, असंगठित कामगारों की पंजीकृत समितियों, बेरोजगार इंजीनियर्स (सिविल), इच्छुक फर्म, निगम में रजिस्टर्ड जियो हाईड्रोलॉजिस्ट, एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से रूचि की अभिव्यक्ति मैनुअल पद्धति से दिनांक 06/02/2026 को शाम 5.00 बजे तक स्पीड पोस्ट/ पंजीकृत डाक के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है एवं राशि रू. 1000.00 का (Non Refundable) डिमांड ड्राफ्ट आवेदन/प्रस्ताव के साथ राशि रु. 122000.00 का एफ.डी.आर. आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के नाम पर देय प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा, रेनवाटर हार्वेस्टिंग के प्राक्कलन तथा दरों से संबंधित विस्तृत जानकारी जोन क्रमांक-08 नगर पालिक निगम रायपुर कार्यालय से कार्यालयीन दिवस एवं समय पर प्राप्त किया जा सकता है।

घरों से निकलने वाले सुखा और गीला कचरें को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक- 08
नगर पालिक निगम, रायपुर




# भारत की वो ट्रेन, जिसमें कोई यात्री भूखा सफर नहीं करता, फ्री में मिलता है खाना

नई दिल्ली। भारत में ट्रेन यात्राएं सिर्फ मंज़िल तक पहुंचने का जरिया नहीं होतीं, बल्कि कई बार ये इंसानियत, सेवा और भाईचारे की मिसाल भी बन जाती हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में ऐसी ही एक ट्रेन की झलक देखने को मिल रही है, जहां सफर के दौरान हर यात्री को मुफ्त लंगर परोसा जाता है। इस ट्रेन की सबसे खास बात यह है कि चाहे ट्रेन कितनी भी लेट क्यों न हो, लंगर सेवा कभी नहीं रुकती।

### बिना भेदभाव परोसा जाता है लंगर




वीडियो में जिस ट्रेन की बात हो रही है, वह है सचखंड एक्सप्रेस, जो नांदेड़ से श्री अमृतसर साहिब तक जाती है। यह इस रूट की एकमात्र ट्रेन है, जिसमें सफर के दौरान सेवादार यात्रियों को लंगर परोसते हैं। वीडियो के कैप्शन में लिखा है, कि सचखंड एक्सप्रेस, नांदेड़ से श्री अमृतसर साहिब जाने वाली एकमात्र ट्रेन है जहां सेवादारों द्वारा संगत को उनकी जाति, धर्म या रंग के बारे में पूछे बिना लंगर परोसा जाता है।

## इंसानियत को सफर कराती है यह ट्रेन

### लेट ट्रेन भी नहीं रोक पाती सेवा का सिलसिला

अक्सर देखा जाता है कि ट्रेन लेट होने पर यात्रियों को खाने-पीने की परेशानी हो जाती है, लेकिन सचखंड एक्सप्रेस में ऐसा नहीं होता. यह ट्रेन चाहे घंटों लेट क्यों न हो, लंगर सेवा लगातार चलती रहती है। सेवादार पूरी श्रद्धा और सेवा भाव से यात्रियों को खाना परोसते हैं, जिससे सफर के दौरान किसी को भी भूखा नहीं रहना पड़ता।



### इंसानियत और सेवा की चलती-फिरती मिसाल

सचखंड एक्सप्रेस सिर्फ एक ट्रेन नहीं, बल्कि सेवा, समानता और मानवता का चलता-फिरता प्रतीक बन चुकी है। इस ट्रेन में मिलने वाला लंगर सिख परंपरा की उस भावना को दर्शाता है, जिसमें कहा गया है कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। यहां अमीर-गरीब, हिंदू-मुस्लिम, सिख-ईसाई, सभी एक ही कतार में बैठकर भोजन करते हैं। वीडियो वायरल होने के बाद लोग इस सेवा की जमकर सराहना कर रहे हैं। कोई इसे 'इंसानियत की सबसे खूबसूरत मिसाल' बता रहा है, तो कोई कह रहा है कि 'यही असली भारत है। कई यूजर्स ने लिखा, कि ऐसी परंपराएं देश को जोड़ने का काम करती हैं और हर किसी को इससे सीख लेनी चाहिए।

# सऊदी के सबसे बुजुर्ग की 142 साल में मौत, 134 बच्चे-पोते

### 110 साल की उम्र में आखिरी निकाह से भी बना बाप



रियाद। जिस शख्स ने सऊदी अरब को रेगिस्तान से तरक्की तक बदलते देखा, जिसने चार पीढ़ियों को अपनी आंखों के सामने बड़ा होते देखा, आज उसकी कहानी पूरी दुनिया में चर्चा बन गई है। सऊदी अरब के सबसे बुजुर्ग माने जाने वाले शख्स नासिर बिन रदान अल राशिद अल वदई का 142 साल की उम्र में इंतकाल हो गया। नासिर अल वदई का जन्म उस दौर में हुआ था जब सऊदी अरब का एकीकरण भी नहीं हुआ था। उन्होंने किंग अब्दुलअजीज से लेकर मौजूदा बादशाह किंग सलमान तक का दौर देखा। उनका जीवन सऊदी अरब के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक बदलावों का जीता जागता दस्तावेज माना जा रहा है। लोग उन्हें उस पीढ़ी का आखिरी गवाह बताते हैं, जिसने सऊदी अरब को कबीलाई समाज से आधुनिक राष्ट्र बनते देखा। बताया जाता है कि उन्होंने 110 साल की उम्र में आखिरी शादी की और बाद में एक बेटी के पिता भी बने। उनके 134 बच्चे-पोते हैं। आज के दौर में जब उम्र को लेकर बहस होती है, नासिर अल वदई की जिंदगी इंसानी हौसले, आस्था और सादगी की याद दिलाती है।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com